दैनिक

# जर्नलिस्ट डेस्क

RNI-MPHIN/2023/90943

E-paper journalistdesk@gmail.com
Facebook Journalist desk
Instagram Journalistdesk.news

इंदौर
बुधवार 01 अप्रैल 2026
वर्ष - 03, अंक - 242
पृष्ठ - 8 मूल्य 1.00 रु.

प्रधान संपादक - डॉ. मनीष मेहता

इंदौर, भोपाल और उज्जैन से एक साथ प्रकाशित




# टोल प्लाजा पर आज से नगद भुगतान नहीं होगा

### आज से बदल जाएंगे यह नियम


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी 1 अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा पर नगद भुगतान बंद हो जाएगा। वाहन चालक सिर्फ फास्टैग या यूपीआई पेमेंट के जरिए ही टोल टैक्स चुका सकेंगे।

इसके अलावा, मंगलवार रात 12 बजे के बाद देश में टैक्स और बैंकिंग से जुड़े 3 बड़े कामों की डेडलाइन खत्म हो गई। आज से टैक्स, रेलवे और बाजार से जुड़े 10 नियम भी बदल जाएंगे।

- **सरकारी स्कीम्स एक्टिव रखें–** पीपीएफ, एनपीएस और सुकन्या में डालें मिनिमम बैलेंस पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) या सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसबाय) को चालू रखने के लिए हर साल 250 से 500 तक न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। अगर खाता बंद हो गया तो चालू कराने के लिए पेनाल्टी लगेगी और बैंक के चक्कर काटने होंगे।
- **पुरानी टैक्स रिजीम में सेविंग का मौका- 80सी और 80डी के तहत निवेश करें–** पुरानी टैक्स रिजीम में टैक्स बचाने के लिए निवेश करने का कल आखिरी दिन है। सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख तक की छूट पाने के लिए आप पीपीएफ, लाइफ इंश्योरेंस में निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा, 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम और मेडिकल खर्चों पर 1 लाख तक की छूट मिलती है। 1 अप्रैल या उसके बाद किया गया निवेश अगले साल के खाते में गिना जाएगा।
- **सैलरी क्लास के लिए जरूरी– ऑफिस में जमा करें इन्वेस्टमेंट प्रूफ–** अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपको अपने ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा करने होंगे। इसमें घर के किराए की रसीदें, बीमा प्रीमियम की रसीद, होम लोन के ब्याज का सर्टिफिकेट शामिल हैं। अगर आप ये डॉक्यूमेंट्स समय पर नहीं देते हैं, तो कंपनी आपकी आखिरी सैलरी से ज्यादा टीडीएस काट लेगी। इसे वापस पाने के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने तक का इंतजार करना होगा।
- **टोल प्लाजा पर आज से नकद भुगतान बंद- सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से पेमेंट–** अगर आपके पास गाड़ी है तो आज ही अपनी गाड़ी में फास्टैग अकाउंट एक्टिव कर लें।

## संक्षिप्त समाचार

### जबलपुर के अंधमूक बायपास पर मौत का तांडव
#### खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार पिकअप, महिला समेत दो की मौत



**जबलपुर (एजेंसी)।** संस्कारधानी जबलपुर के संजीवनी नगर थाना अंतर्गत अंधमूक बायपास पर मंगलवार सुबह ऐसा हादसा हो गया, जिसने राहगीरों के दिल दहला दिए। सिवनी से सब्जी लोड कर जबलपुर मंडी आ रही एक तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। इस भीषण भिड़ंत में पिकअप में सवार एक महिला और एक युवक की मौत हो गई।

**नींद की झपकी या रफ्तार का कहर?–** संजीवनी नगर पुलिस के अनुसार, सिवनी के घंसौर निवासी आकाश यादव बीती रात करीब 3 बजे अपनी पिकअप में सब्जी भरकर जबलपुर आ रहा था। उसके साथ केबिन में छोटी बाई उर्फ गोमती कुशवाहा (40) और संदीप कुशवाहा (25) सवार थे। सुबह लगभग 5:30 बजे जब वाहन अंधमूक बायपास ब्रिज पार कर रहा था, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप सीधे हाईवे किनारे खड़े ट्रक के कंडैक्टर साइड से जा टकराई।

क्रेन और राहगीरों की मदद से निकाले गए शव हादसा इतना जोरदार था कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह लोहे का मलबा बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे संदीप और गोमती को बाहर निकाला।

### आधी रात को प्रेमिका से मिलने पहुंचा था प्रेमी
#### परिवार ने रंगे हाथ पकड़ा और उतार दिया मौत के घाट

**शिवपुरी (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले से एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है, जहां इश्क का अंजाम मौत के रूप में सामने आया। करैरा थाना क्षेत्र के एक गांव में आधी रात को अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की लड़की के परिजनों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है और पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

**आधी रात का खौफनाक मंजर–** जानकारी के अनुसार, मृतक युवक का गांव की ही एक युवती से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात युवक



चुपके से प्रेमिका के घर उससे मिलने पहुंचा था। इसी दौरान लड़की के परिजनों की नींद खुल गई और उन्होंने युवक को घर के भीतर ही रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद युवक की रहम की अपील का उन पर कोई असर नहीं हुआ।

लाठी-डंडों से वार कर उतारा मौत के घाट आरोप है कि लड़की के पिता, भाइयों और अन्य परिजनों ने युवक को घेर लिया और उस पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक को इतनी बेरहमी से पीटा गया कि वह अधमरा होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर जब तक पुलिस और परिजन उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश करते, युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# नालंदा के मंदिर में भगदड़ 9 की मौत

- इनमें 8 महिलाएं, राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2500 जवान, 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए कोई नहीं





**पटना/नालंदा (एजेंसी)।** बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है।

**एसएचओ राजमणि को सस्पेंड किया–** हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के एसएचओ राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है।

**मृतकों के परिजनों के 6 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा–** सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।

### तीन बड़े कारण

- मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था नहीं की
- चोर दरवाजे से दर्शन कराए जा रहे थे
- 10 हजार की भीड़, पुलिस- प्रशासन की कोई व्यवस्था नहीं

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के आश्रितों को 2 लाख मुआवजे का ऐलान

राष्ट्रपति ने कहा कि बिहार के नालंदा में एक मंदिर में हुई भगदड़ में अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं सभी शोकाकुल परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। पीएम मोदी ने नालंदा के शीतला माता मंदिर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इसमें जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने इस भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा भी की।

- *गुजरात में पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया, कहा-*

# भारत को इस सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का कोरोना काल में संकल्प लिया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने गुजरात के साणंद में केयन्स सेमीकॉन के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली टेस्ट (ओएसएटी) का उद्घाटन किया। इसके बाद वे प्लांट देखने पहुंचे और इंजीनियर्स से बातचीत की।



पीएम ने कहा- आज सुबह डिवाइन वाले कार्यक्रम में था और अब डिजिटल के कार्यक्रम में हूं। उन्होंने कहा- हमने कोरोना के समय ही तय कर लिया था कि भारत सेमीकंडक्टर सेक्टर का नया हब बनेगा।

पीएम के उद्घाटन के साथ ही केयन्स सेमीकंडक्टर प्लांट में प्रोफेशनल प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। पहला प्लांट भी फरवरी 2026 में साणंद में ही शुरू हुआ था।

### चिप्स को कैलिफोर्निया भेजा जाएगा

- इस प्लांट में एडवांस्ड इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल बनाए जाएंगे, जिसका इस्तेमाल ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल डिवाइस में किया जाता है।
- हर मॉड्यूल में 17 चिप्स होंगे और इन्हें कैलिफोर्निया की कंपनी अल्फा और ओमेगा सेमीकंडक्टर को सप्लाई किया जाएगा।
- प्लांट के सभी फेज पूरे होने के बाद इसकी प्रोडक्शन कैपेसिटी प्रतिदिन 6.33 मिलियन यूनिट बनाने की होगी।
- यह माइक्रोन टेक्नोलॉजी के बाद देश की दूसरी सेमीकंडक्टर यूनिट होगी, जो प्रोडक्शन शुरू करेगी।

### भारत इस दिशा में मिशन मोड पर काम कर रहा

2021 में भारत ने इंडिया सेमिकंडक्टर मिशन शुरु किया था। यह मिशन सिर्फ एक इंडस्ट्रियल पॉलिसी नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास का ऐलान था। अच्छा होता कि यह काम आज से 30-40 साल पहले शुरू हो गया होता। लेकिन, भारत अब इस दिशा में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। भारत इस दिशा में एक मिशन मोड पर काम कर रहा है।

### होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर

# ईरान लगाएगा टोल

- *संसदीय समिति की मंजूरी, नेतन्याहू बोले- जंग कब खत्म होगी, नहीं बता सकता*

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाने का फैसला किया। ईरानी संसद की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लान के तहत जहाज ईरान को उसकी राष्ट्रीय मुद्रा रियाल में टोल देंगे। इसका अलावा प्लान में अमेरिका और इजराइल से जुड़े जहाजों की एंट्री पर रोक लगाने का प्रावधान भी शामिल है। होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक तेल सप्लाई का अहम मार्ग है, ऐसे में इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय बाजार और ऊर्जा आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ सकता है। इसी बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उन्हें नहीं पता ईरान के साथ चल रही जंग कब खत्म होगी। इसका समय तय नहीं किया जा सकता।



# बाबा विश्वनाथ की शरण में सीएम मोहन यादव

- मप्र और उप्र मिलकर लिखेंगे सुशासन और आध्यात्मिक पर्यटन की नई इबारत: सीएम डॉ. यादव
- बाबा विश्वनाथ से की प्रदेश की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना
- क्रॉउड मैनेजमेंट, दर्शन व्यवस्था और मोबाइल ऐप आधारित टोकन सिस्टम का किया अवलोकन किया, काशी विश्नाथ कॉरिडोर का किया भ्रमण

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारें 'विरासत के साथ विकास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं। यह न केवल दोनों राज्यों के संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जन-कल्याण के नए मार्ग भी प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने वाराणसी भ्रमण की शुरूआत देवादिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ जी के दर्शन और पूजन के साथ किया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन कर मध्यप्रदेश की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पावन गंगा घाट पहुँचकर पतित पावनी माँ गंगा के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माँ गंगा का पूजन किया और गंगाजल से आचमन किया। दर्शन और पूजन के बाद उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के धाम में आकर जो आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है, वह अद्भुत है।



- **सिंहस्थ-2028 के लिए प्रबंधन का रोडमैप–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी के अनुभवों को मध्यप्रदेश के उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के न्यासियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रेजेंटेशन से कॉरिडोर में तीर्थयात्री प्रबंधन, क्राउड कंट्रोल (भीड़ प्रबंधन), दर्शन व्यवस्था और मोबाइल ऐप आधारित टोकन सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ और काशी कॉरिडोर के प्रबंधन से सीख लेकर हम उज्जैन में श्रद्धालुओं के लिए दूरगामी योजनाएं तैयार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन की उच्चतम और सुगम व्यवस्था देना हमारा लक्ष्य है। प्रेजेंटेशन से तीर्थ स्थल प्रबंधन की एसओपी को समझा। इसमें रियल टाइम सीसीटीवी मॉनिटरिंग, जोन-बेस्ड क्राउड कंट्रोल, सुरक्षा प्रोटोकॉल और स्वच्छता प्रबंधन के आधुनिक तौर-तरीकों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा 'ग्लोबल सनातन' पुस्तक भी भेंट की गई।
- **वाराणसी में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन और न्यायप्रियता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आगामी 3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी में महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य शोध संस्थान के माध्यम से आयोजित होने वाले इस महानाट्य में सैकड़ों कलाकार हिस्सा लेंगे, जिसमें हाथी, घोड़े और ऊंटों के साथ प्राचीन विधाओं का जीवंत प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच बढ़ते आर्थिक और बुनियादी ढांचे के सहयोग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से दोनों राज्यों के किसानों का भाग्य बदल रहा है। दोनों राज्यों के किसानों को सस्ती और निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भ्रमण और बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री राकेश सचान के साथ अपर मुख्य सचिव श्री राघवेंद्र सिंह, सचिव पर्यटन डॉ. इलैया राजा टी, उज्जैन संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, वाराणसी कलेक्टर श्री सत्येंद्र सिंह और काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ श्री विश्व भूषण मिश्र सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### गंगा माई की बेटियां में सृष्टि जैन ने दहेज के खिलाफ कड़े रुख पर की बात

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ी टीवी का शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें अमनदीप सिधू (स्नेहा) और शीज़ान खान (सिद्धू) नजर आ रहे हैं, इस समय अपनी कहानी में एक अहम और समाज से जुड़ा मुद्दा दिखा रहा है। शो में दहेज जैसी पुरानी और गलत प्रथा के खिलाफ साफ रुख लिया गया है। कहानी के जरिए यह दिखाया जा रहा है कि चाहे कितना भी दबाव क्यों न हो, दुल्हन और उसका परिवार अपनी इज्जत से समझौता न करे। आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि गंगा माई (शुभांगी लाटकर) सहाना की सास कौशल्या (गुनाबी मान) की दहेज की मांग को साफ मना कर देती हैं और एक कड़ा संदेश देती हैं कि आत्मसम्मान सबसे जरूरी है। इसी मुद्दे पर सहाना का किरदार निभा रहीं सृष्टि जैन, जो असल जिंदगी में भी जल्द शादी करने जा रही हैं, अपनी बात रखती हैं। सृष्टि जैन कहती हैं, मुझे खुशी है कि हमारा शो दहेज के खिलाफ इतनी साफ और मजबूत बात कर रहा है और दर्शकों तक यह संदेश पहुंचा रहा है कि हर माता-पिता और हर दुल्हन को इतना मजबूत होना चाहिए कि वे ऐसी गलत प्रथाओं के सामने झुकें नहीं। साथ ही, अब जब मैं भी अपनी ज़िंदगी के प्यार से शादी के बंधन में बंधने जा रही हूं, तो मैं पूरे भरोसे से कह सकती हूं कि हमारे परिवार, करीबी लोग और दोस्त दहेज जैसी सोच में विश्वास नहीं रखते।



### नोएडा में डेटिंग एप से दोस्ती कर इंजीनियर के आपत्तिजनक फोटो लिए

**नोएडा, एजेंसी।** समलैंगिक एप से दोस्त बने शातिरों ने एक इंजीनियर को सेक्टर 76 में बुलाकर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाए। युवक से साथ मारपीट कर एक लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। सेक्टर 113 थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर सरगना समेत तीन आरोपितों को सोमवार को सेक्टर 76 से दबोचा। आरोपितों से 30 हजार रुपये, चार मोबाइल, एक कार, चेन, दो नंबर प्लेट बरामद हुईं। आरोपित यूपीआई और खरीदारी के इनपुट से पुलिस के हत्थे चढ़े। गिरोह 60 से ज्यादा वारदात कर चुका है। नोएडा सेक्टर 51 में रहने वाले इंजीनियर का समलैंगिक एप पर खाता है। पिछले दिनों उसकी दोस्ती एप पर शिवम नाम के ठग से हुई थी। शिवम ने इंजीनियर को 26 मार्च की रात सेक्टर 76 में मिलने के लिए बुलाया। वहां पर शिवम के साथ कार सवार कमल और सागर भी मिले। युवक को तीनों शातिर एक घर में ले गए। वहां पर इंजीनियर के साथ जबरन आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए थे। इसको प्रसारित करने की धमकी और मारपीट की थी। पीड़ित से सोने की चेन छीनने के अलावा बैंक खाते से एक लाख रुपये ट्रांसफर कराकर भाग गए थे। पीड़ित ने सेक्टर 113 थाना पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस यूपीआई से ली रकम और कार नंबर के आधार पर आरोपितों की तलाश में जुटी थी। टीम ने सोमवार को सेक्टर 76 से तीनों को पकड़ा। एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान बिहार दरभंगा के सुजान गांव के शिवम झा, लोना गांव के सागर ठाकुर और उत्तराखंड अल्मोड़ा के नाकोर गांव के कमल के रूप में हुई। तीनों वर्तमान में नोएडा के होशियारपुर गांव में किराये पर कमरा लेकर रहते हैं।



## यूपी में न्यूक्लियर पावर प्लांट!

# इन तीन जिलों में परमाणु बिजली घर की संभावना तलाश रही एनटीपीसी

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और भविष्य की बिजली मांग को देखते हुए नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) ने राज्य में परमाणु ऊर्जा (न्यूक्लियर पावर) क्षेत्र में कदम रखने का बड़ा निर्णय लिया है। एनटीपीसी अब प्रदेश में परमाणु ऊर्जा प्लांट स्थापित करने की योजना पर गंभीरता से काम कर रहा है। इसके लिए भूमि चयन, जल उपलब्धता और आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियों को लेकर उच्च स्तरीय चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक ने बताया कि परमाणु ऊर्जा परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश के ललितपुर, प्रयागराज और सोनभद्र जिलों में संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इन क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति और संसाधनों की उपलब्धता का आकलन किया जा रहा है ताकि एक सुरक्षित और उच्च क्षमता वाला न्यूक्लियर प्लांट स्थापित किया जा सके। यह कदम न केवल यूपी को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा,



बल्कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के वैश्विक लक्ष्यों में भी सहायक होगा।

गोमतीनगर स्थित कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक और मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसएन पाणिग्रही ने कंपनी के विस्तार रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी केवल पारंपरिक ऊर्जा तक सीमित नहीं है, बल्कि सौर, जल और पवन ऊर्जा के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा में हाइड्रोजन फ्यूल स्टेशन के विकास पर भी तेजी से काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी अपनी क्षमता का लगातार विस्तार कर रहा है। सिंगरौली स्टेज-थ्री (1600 मेगावाट) परियोजना को वर्ष 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इससे उत्पादित होने वाली पूरी बिजली उत्तर प्रदेश सरकार ही खरीदेगी, जिससे राज्य के घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, 'एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड' ललितपुर में 600 मेगावाट और चित्रकूट में 400 मेगावाट के सोलर प्लांट स्थापित कर रही है। वाराणसी में नगर निगम के कचरे से 'हरित कोयला' बनाने की अनूठी परियोजना पर काम चल रहा है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार होगा। वहीं, विंध्याचल में देश की पहली कार्बन कैप्चर परियोजना लगाई जा रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए प्रमुख संयंत्रों में फ्लू गैस डी-सल्फराइजेशन प्रणाली शुरू की गई है, जिससे सल्फर उत्सर्जन में भारी कमी आई है। वर्तमान में एनटीपीसी देश की कुल स्थापित क्षमता का लगभग 16.7% और कुल उत्पादन का 24% योगदान दे रहा है। वर्तमान में इसकी क्षमता 88 गीगावाट से अधिक है, जिसे वर्ष 2032 तक बढ़ाकर 149 गीगावाट करने का लक्ष्य है। इसमें से 60 गीगावाट बिजली गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित होगी।

# 10 लाख में सौदा, 80 लाख में बिक्री; किडनी-लिवर सौदागरों का बंगाल तक फैला नेटवर्क

**कानपुर , एजेंसी।** यूपी के कानपुर में किडनी-लिवर रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और डीसीपी वेस्ट की क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम की छापेमारी और पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गुर्दे का काला कारोबार करने वालों और सौदागरों का नेटवर्क वेस्ट यूपी से लेकर बिहार-पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है। किडनी डोनर भी बिहार के समस्तीपुर का निकला है। खास बात यह है कि डोनर ने साफ तौर पर स्वीकार कर लिया कि उससे किडनी लेने के बदले रकम का सौदा हुआ था। 8 से 10 लाख में सौदा होता था और 70 से 80 लाख में बेची जाती थी।

पूछताछ में यह बात भी खुलकर सामने आ गई कि डोनर आयुष मेरठ में जहां रह रहा था उससे वहां भी संपर्क किया गया। शुरुआती पूछताछ में उसने अपने आपको एमबीए का छात्र भी बताया। हालांकि इसकी पुष्टि देर रात तक नहीं हो सकी क्योंकि वह बार-बार अपने बयान बदल रहा था। आयुष पुलिस ने बार-बार झूठ बोलता रहा। छापेमारी के बाद से ही वह घबराया हुआ था। उसने किसी को फोन लगाकर कहा-यहां से



मुझे निकालो, मैं दर्द से तड़प रहरा हूं, तुम परेशान न हो..जेल तो मैं जाऊंगा मगर किसी का नाम नहीं लूंगा। पुलिस ने उसके पास से कुछ कागजात हासिल किए हैं जो उसकी पहचान का खुलासा कर रहे हैं। पूछताछ में ही यह बात भी पता चली कि जिस डोनर रिसीवर को वह बहन बता रहा था वो बहन नहीं लगती। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किडनी गैंग में और कौन-कौन शामिल हैं और कितनी किडनियां कहां-कहां बदली जा चुकी हैं। पुलिस ने जिस ब्रोकर शुभम को इस मामले में हिरासत में लिया है वह शहर के एक बड़े किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन के अस्पताल में नौकरी करता था। वहां पर कानपुर समेत आसपास के कई जिलों के पेशेंट किडनी का इलाज कराने आते हैं। जिन्हें अपनी बातों में फंसाकर शुभम उनका किडनी ट्रांसप्लांट करने का झांसा देता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने जांच में पाया कि गैंग डोनर को 8 से 10 लाख रुपए में ट्रांसप्लांट के लिए तैयार करता था। फिर मरीज की आर्थिक पृष्ठभूमि देखकर 70 से 80 लाख लेकर किडनी बेची जाती थी।

## सीएम योगी को अपशब्द कहना मौलाना को पड़ा भारी, बिहार के पूर्णिया से दबोचकर ले गई यूपी पुलिस

**अररिया, एजेंसी।** अररिया जिले के जोकीहाट निवासी और चर्चित इस्लामी वक्ता अब्दुल्ला सलीम कमर चतुर्वेदी कासमी को



उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने पूर्णिया के अमौर दलमारपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस का भी सहयोग रहा। बताया जा रहा है कि मौलाना के खिलाफ उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के करीब 84 थानों में मामले दर्ज थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक सोशल मीडिया वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मौलाना अब्दुल्ला सलीम उत्तर प्रदेश में गौकशी के खिलाफ सख्त कानूनों की आलोचना कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने भड़काऊ अंदाज में मुख्यमंत्री की मां को लेकर अपशब्द कहे। उन्होंने कहा था कि राज्य में ऐसा कानून बना दिया गया है कि यदि किसी के पास मुख्यमंत्री की मां का मांस भी मिल जाए तो पुलिस उसका एनकाउंटर कर देती है या पैरों में गोली मार देती है। इस बयान के बाद प्रदेश में व्यापक आक्रोश देखने को मिला और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हुई। गौमाता और योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सलीम को उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उन्हें पूर्णिया जिले से हिरासत में लिया, जिसके बाद अब उन्हें उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ट्रांजिट प्रक्रिया पूरी कर उन्हें यूपी के लिए रवाना किया गया।

## तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले आए ओपिनियन पोल में कड़ी टक्कर के संकेत मिले

**चेन्नई, एजेंसी।** वोट ट्रैकर सर्वे (सीएनएन-न्यूज18 पर जारी) के मुताबिक अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन (एनडीए) को 115-125 सीटें मिल सकती हैं, जबकि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम-कांग्रेस गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) को 104-114 सीटों का अनुमान है। 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 है, जिससे मुकाबला बेहद करीबी बनता दिख रहा है। पिछले सर्वे में डीएमके गठबंधन को बढ़त दिखाई गई थी, लेकिन नए आंकड़ों में हल्का झुकाव एआईएडीएमके की ओर नजर आ रहा है। यह संकेत देता है कि अंतिम समय में मतदाताओं का रुझान बदल सकता है। अभिनेता विजय की नई पार्टी टीवीके को 2-8 सीटें मिलने का अनुमान है। भले ही इसका प्रभाव सीमित रहे, लेकिन यह वोट कटौती कर चुनावी समीकरण बदल सकती है। मुख्यमंत्री पद के लिए एम. के. स्टालिन को 39.8% समर्थन मिल रहा है, जबकि ई. के. पलानीस्वामी को 38.8% लोगों की पसंद बताया गया है। विजय को 13.6% समर्थन मिल रहा है। वहीं, महिलाएं और एससी/दलित वोटर स्टालिन की ओर झुके दिखते हैं, जबकि पुरुष और अपर कास्ट वोटर पलानीस्वामी को प्राथमिकता दे रहे हैं। युवा वोटरों में विजय का प्रभाव नजर आ रहा है। डीएमके सरकार को लेकर राय बंटी हुई है-35.5% ने प्रदर्शन अच्छा बताया, जबकि 40.8% ने खराब माना। महिलाओं और बुजुर्गों में संतोष अधिक है, जबकि युवा और उच्च वर्ग के वोटर ज्यादा आलोचनात्मक हैं। कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा (23.1%) बेरोजगारी (17.3%) इसके अलावा महंगाई, भ्रष्टाचार और विकास भी अहम मुद्दे हैं।



# मुंबई होगी झोपड़पट्टी मुक्तः शिंदे का 'जनकल्याण अभियान', अब झुग्गीवासियों को मिलेंगे 300 वर्ग फुट के पक्के घर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति और मुंबई के शहरी विकास के इतिहास में एक युगांतकारी अध्याय की शुरुआत हुई है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई को पूरी तरह से 'झोपड़पट्टी-मुक्त' बनाने के संकल्प के साथ 'हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे शहरी जनकल्याण अभियान' की घोषणा की है। यह महत्वाकांक्षी योजना शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य मुंबई के लाखों परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित आशियाना प्रदान करना है। इस अभियान के जरिए सरकार न केवल पुरानी बस्तियों का कायाकल्प करेगी, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर भविष्य में होने वाले अवैध अतिक्रमणों पर भी 'डिजिटल लगाम' लगाएगी।

इस नई योजना के तहत झुग्गीवासियों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी उनके घरों के आकार को लेकर है। अब तक पुनर्विकास परियोजनाओं में मिलने वाले 180 से 269 वर्गफुट के छोटे कमरों के बजाय, सरकार ने अब 300 वर्गफुट के फ्लैट देने का ऐतिहासिक फैसला किया है। योजना के तहत उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो कम से कम 50 एकड़ में फैले हैं और जहाँ 51% से



अधिक हिस्सा झोपड़पट्टी है। इन बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए बायोमेट्रिक सर्वे और सटीक मापन के बाद बीएमसी और एमएमआरडीए जैसी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी। एकनाथ शिंदे ने बताया मुंबई में नई झोपड़पट्टियों के विस्तार को रोकने के लिए सरकार ने 'नेत्रम' (ह्श्चञ्जक्रू) सिस्टम को तैनात करने का निर्णय लिया है। इस प्रणाली के तहत सैटेलाइट इमेजरी और जीआईएस डेटा का उपयोग कर हर चार महीने में शहर की तस्वीरों का विश्लेषण किया जाएगा। यदि कहीं भी नया अवैध निर्माण पाया जाता है, तो बिसाग-एन वेब पोर्टल के जरिए संबंधित विभाग को तुरंत अलर्ट भेजा जाएगा और तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यह तकनीक मुंबई के अनियंत्रित विस्तार को रोकने में गेम-चेंजर साबित हो सकती है। चूँकि इस अभियान के तहत गगनचुंबी इमारतों का निर्माण किया जाएगा, इसलिए उनके रखरखाव के लिए भी नए नियम तय किए गए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने विकास नियंत्रण एवं प्रोत्साहन नियम 2034 में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## गुरुग्राम में नहीं घट रही स्टंटबाजी, अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे ड्राइवर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर में स्टंटबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। युवा जोश के कारण आए दिन कुछ वाहन चालक अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर स्टंटबाजी करते दिखते हैं। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद गुरुग्राम पुलिस भी कार्रवाई कर रही है, लेकिन कुछ युवाओं पर इसका असर नहीं हो रहा है। रविवार को भी इंटरनेट मीडिया पर स्टंटबाजी का एक वीडियो प्रसारित हुआ था। इसमें सियाज कार चालक ने गोल्फ कोर्स रोड पर सेक्टर 65 थाना क्षेत्र में कुशाल साध चौक पर ट्रैफिक लाइट पर कार को गोल-गोल घुमाकर स्टंट किया। इससे विभिन्न तरफ से आ रहा ट्रैफिक रुक गया। कार चालक की इस हरकत पर अन्य वाहन चालक सकते में आ गए। कार चालक की लापरवाही के कारण यहां पर बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत रही कि कुछ नहीं हुआ। मामले में सेक्टर 65 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जल्द ही आरोपित को पकड़ा जाएगा। शहर में इससे पहले बीते एक साल में 20 से ज्यादा घटनाएं स्टंटबाजी की हो चुकी है। ज्यादातर मामले द्वारका और दिल्ली-गुरुग्राम और मुंबई एक्सप्रेसवे के होते हैं।

# जाट संसद के आयोजन में यूपी प्रशासन पर खूब भड़के संजीव बालियान

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ के सकौती टांडा में जाट संसद के आयोजन में संजीव बालियान यूपी के उस प्रशासन पर खूब भड़के, जहां उनकी ही पार्टी भाजपा का शासन है। मुजफ्फरनगर सीट से पार्टी के पूर्व सांसद संजीव बालियान ने जाट संसद के मंच से जमकर भड़ास निकाली, बस किसी का नाम नहीं लिया। इशारों में वह हर बात कह गए और उससे अब तक कयास लग रहे हैं कि आखिर उनकी भविष्य की राजनीति क्या होगी? उनके निशाने पर कौन था? संजीव बालियान ने 10 मिनट के लिए ही मंच संभाला, लेकिन इतने सवालों को जन्म दे गए कि जमकर कयास लग रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'इस पंचायत को नाकाम करने की खूब कोशिश हुई। कुछ लोग चाहते थे कि हमारा भाई जो मुख्यमंत्री वह यहां ना आए। पूरी रात प्रशासन की बदतमीजियां सहीं। इसलिए कि ये हमारे भाई का हेलिकॉप्टर नहीं उतरने देंगे। ऐसा नहीं होता तो हम किसी के आगे झुकते नहीं। किसी का दम भी नहीं कि जाटों को झुका दे। कई बार राजनीति हो या सामाजिक जीवन अपमान सहना पड़ता है। दो कदम पीछे हटाना पड़ता है। चुनाव में भी ऐसा हुआ। हारने का गम नहीं है, लेकिन अपमान का दुख है। लेकिन इसका बदला सूद सहित चुकावेंगे।' अगर किसी ने अपमानित किया है तो सूद और ब्याज सहित चुकाएंगे।



यदि मैं भूल जाऊं तो आप न भूलने देना और आप भूलेंगे तो मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। इस दौरान महापंचायत से जाट शब्द हटवाने की बात पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। कैसी-कैसी पंचायतें होती हैं, लेकिन हमसे ही दिक्कत क्यों है। आप लोगों ने यहां पहुंचकर इज्जत रख ली है। भगवंत मान जी का विशेष धन्यवाद है, वह हमारे बीच आए तो यह उनका अहसान है। किससे बदला लेने की बात कर रहे थे संजीव बालियान?

पूरे भाषण में उनकी इसी टिप्पणी की खूब चर्चा हो रही है कि आखिर बदला किससे लेंगे और सूद सहित किसे चुकावेंगे। चुनाव में हारने की बात की और अपमान का भी जिक्र किया। जिला प्रशासन की बदतमीजियों को सहने की भी बात कही। ऐसे समय में जब यूपी में उनकी ही पार्टी का शासन है तो फिर कौन उनका अपमान कर रहा है। भाजपा से किसी भी नेता ने उनकी बात का जवाब नहीं दिया है, लेकिन संजीव बालियान के बयानों को गुटबाजी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसे संगीत सोम से भी जोड़ा जा रहा है।

**आखिर बालियान बनाम सोम वाले संघर्ष से कैसे निपटेगी भाजपाः** कहा जाता है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सरधना से संगीत सोम हारे थे और उन्होंने फिर लोकसभा चुनाव में पार्टी कैंडिडेट बने बालियान का साथ नहीं दिया और वह भी हार गए। इसके बाद से दोनों के बीच की गुटबाजी और बढ़ गई है। अब यह देखना भी दिलचस्प होगा कि दोनों के टकराव से मेरठ, मुजफ्फरनगर दो जिलों में सीधा असर दिख रहा है और इससे भाजपा कैसे निपट पाएगी। संजीव बालियान ने तो साफ संकेत कर दिया है कि वह झुकेंगे नहीं। जाट समाज की राजनीति में अपना दखल बढ़ाकर उन्होंने मेरठ, मुजफ्फरनगर से आगे निकलते हुए पूरे पश्चिम यूपी में बिरादरी को संकेत दिया। वह भी तब जब जाट संसद के मंच पर जयंत चौधरी ही नहीं आए।

### 'मेरा गला बहुत दिन से घुट रहा था, आज बोलता हूं'

संजीव बालिया ने कहा, 'मेरा गला बहुत दिन से घुट रहा था, आज मेरा दोस्त आया है तो सोचा कि थोड़ा सा गला खोल लूं। भगवंत मान को पंजाब वालों ने सीएम बना दिया। हनुमान बेनीवाल अब भी सांसद है, लेकिन मुझे मुजफ्फरनगर वालों ने मेरे गांव कुटबा कुटबी में वापस भेज दिया। महाराजा सूरजमल की पूरे उत्तर प्रदेश में यह पहली मूर्ति है। मैं जब-जब राजस्थान जाता था तो मेरा सवाल होता था कि चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा यहां क्यों नहीं है। इस पर जवाब आता था कि महाराजा सूरजमल की प्रतिमा उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं है। इसके लिए मैं सकौती गांव के लोगों को धन्यवाद दूंगा।'

### कुछ लोगों के पेट में दर्द... किस पर बालियान ने कसा तंज

उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल ने 80 जंग लड़ीं और किसी में भी नहीं हारे। उनका बलिदान यूपी में हिंडन के किनारे हुआ। उन्होंने दिल्ली में हमले के लिए डेरा डाला था और मुगल सेना ने धोखे से उनकी हत्या की। इसके बाद उनके बेटे महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली जीती थी। उसमें बड़ा योगदान पंजाब के जट सिख भाइयों का था। कुछ लोगों के पेट में दर्द है कि भगवंत मान की अलग पार्टी, हनुमान बेनीवाल और दिग्विजय चौटाला की अलग पार्टी है। फिर ये कैसा समागम है। मैं ऐसे लोगों से कहूंगा कि इसमें राजनीति न खोजी जाए। यह हमारा भाईचारा है।

# 'माँ नर्मदा के आंचल में संवर्धन का संकल्प'

**मंत्री प्रहलाद पटेल एक हफ्ते में दूसरी बार पहुंचे गुंजारी नर्मदा संगम**



**सीहोर ,(निप्र)।** सीहोर जिले के बुधनी जनपद की हरित वादियों में स्थित ग्राम जोशीपुर का गुंजारी नर्मदा संगम घाट आज एक बार फिर जनसेवा और संवेदनशीलता का साक्षी बना। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत यहां पहुंचे प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने न केवल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, बल्कि प्रकृति और संस्कृति के इस पावन संगम से एक गहरा संवाद भी स्थापित किया। नर्मदा के शांत प्रवाह के बीच मंत्री श्री पटेल के घाट पर पहुंचने से वातावरण में एक विशेष ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने संगम स्थल पर चल रहे स्वच्छता एवं संरक्षण कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया। घाट के हर कोने, सीढ़ियों और जल की स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने घाट की स्वच्छता, जल की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि गुंजारी संगम घाट के संपूर्ण ढांचे को सुदृढ़ एवं आकर्षक बनाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के विकास हेतु भी विशेष कार्य किए जाएंगे, जिससे यह स्थल आस्था के साथ-साथ पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र बन सके।

इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल के शब्दों में भावुकता भी झलक उठी। उन्होंने कहा, 'माँ नर्मदा ने हमें सदैव जीवन, आस्था और समृद्धि दी है। अब यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें स्वच्छता, संरक्षण और सम्मान के रूप में कुछ लौटाएं।' उनके ये शब्द उपस्थित जनसमूह के लिए एक प्रेरणादायक जनआह्वान बन गए। मंत्री श्री पटेल ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को एक निरंतर चलने वाला जनआंदोलन बताते हुए कहा कि यह प्रयास किसी एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि संगम स्थलों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य नियमित रूप से जारी रखें।

उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नदियाँ केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवनरेखा हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री पटेल इससे पूर्व भी इस स्थल पर स्वयं स्वच्छता कार्य में सहभागी बन चुके हैं। उस समय उन्होंने जनभागीदारी का जो संदेश दिया था, आज के पुनः निरीक्षण ने उसे और अधिक सशक्त किया है। उनका यह प्रयास स्पष्ट करता है कि संवर्धन केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि संकल्प और सतत प्रयास से संभव होता है।

गुंजारी संगम घाट पर आज का यह निरीक्षण एक प्रशासनिक गतिविधि से कहीं अधिक रहा—यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, संस्कृति के प्रति समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बन गया। यहां बहती नर्मदा की धारा मानो इस संकल्प की साक्षी बन, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित भविष्य की कामना कर रही हो।



## नियां में किसानों का प्रदर्शन, बोले-धोखे से जमीन हड़प रहे

**सीहोर, (निप्र)।** सीहोर जिले के सेवनियां गांव में जमीन विवाद को लेकर किसानों ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने पुलिस पर बटाईदारों के साथ मारपीट करने और पटवारी पर बिना आदेश खेत में जबरन तारबंदी कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह पूरी कार्रवाई गैरकानूनी तरीके से की गई है। किसानों के अनुसार, गांव के ही एक किसान हनुमंत सिंह ने अपनी कृषि भूमि करीब 14 साल पहले 11 लाख 75 हजार रुपये में पप्पू कौशल को बेची थी। अनुबंध के अनुसार पूरी रकम मिलने के बाद रजिस्ट्री होना थी, लेकिन आरोप है कि हनुमंत सिंह लगातार टालमटोल करते रहे और अब उसी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया।

**किसी और को कब्जा दिलाने की कोशिश की :** पप्पू कौशल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2012 में यह जमीन खरीदी थी और तब से बटाईदारों के जरिए खेती कर रहे हैं। इसके बावजूद हाल ही में पटवारी और पुलिस बिना किसी आदेश के खेत पर पहुंची और जबरन सीमेंट के खंभे गाड़कर तारबंदी कर दी। विरोध करने पर बटाईदार दिलीप और हरिओम को धमकाते हुए पुलिस मंडी थाने ले गई। किसानों का आरोप है कि बिना किसी वैध दस्तावेज के उनके खेत का कब्जा किसी अन्य को दिलाने की कोशिश की गई। इस मामले को लेकर गांव के कई किसानों ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को शिकायत भेजी है और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नरवाई नही जलाने के लिए जागरूकता रथ एवं पोस्टर के माध्यम से किसानों को किया जा रहा जागरूक



**सीहोर, (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता रथ संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की जा रही है कि वे नरवाई न जलाएं और बताए गए वैकल्पिक उपायों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### वृद्धजनों को प्रदान किए गए सहायक उपकरण

**सीहोर, (निप्र)।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) एवं वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वृद्धजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र, छड़ी, बैसाखी एवं अन्य उपयोगी सहायक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में विधायक श्री सुदेश राय, श्रीमती अरूणा राय एंव श्री सुदीप प्रजापति ने लगभग 100 से अधिक वृद्धजनों को लगभग 98 सहायक उपकरण प्रदान किए। इस अवसर विशेष बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संचालक डॉ अर्जुन सिंह, श्री राजेश शर्मा, श्री महेश यादव, श्री मनोज कुमार सहित वृद्धजन, अभिभावक एवं नागरिक उपस्थित थे।

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने सब जेल गंजबासौदा का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

**विदिशा, (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शेख सलीम ने आज उप जेल गंजबासौदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री शेख सलीम ने बंदियों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और पाकशाला (रसोईघर) का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की स्थिति देखी। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने जेल में व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहे। साथ ही जेलर श्री आलोक कुमार भार्गव एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

### विधायक श्री मीणा ने दिलाई नरवाई न जलाने की शपथ

**विदिशा, (निप्र)।** शमशाबाद विधायक श्री सूर्य प्रकाश मीणा ने आज ग्राम गुरोद में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया और क्षेत्र के विकास को नई गति देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री मीणा ने उपस्थित ग्रामीणों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, भूमि की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नरवाई का उचित प्रबंधन करें, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहे और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिले। शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों और योजनाओं का लाभ लेने की भी सलाह दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## स्कूटी ट्रक में घुसने पर कॉन्स्टेबल की मौत

**पिता का पहले हो चुका निधन, साथी स्टोनो भोपाल रेफर**

**रायसेन, (निप्र)।** रायसेन में पुलिसकर्मियों की स्कूटी एक ट्रक में पीछे से घुस गई। इस सड़क हादसे में एक पुलिस आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रायसेन एसपी के स्टेनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गोपालपुर मंदिर के पास रात करीब 11 बजे हुई। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है स्कूटी पर सवार पुलिसकर्मी तेज रफ्तार आकर ट्रक में पीछे से घुस जाते हैं। इस भीषण टक्कर में स्कूटी पर सवार पुलिसकर्मी उछलकर रोड पर गिर जाते हैं। हादसे में पुलिस आरक्षक नमन मुद्गल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के स्टेनो ललित मार्को गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, आरक्षक नमन मुद्गल नर्मदापुरम जिले का रहने वाला था। ह घर का इकलौता बेटा था। पिता की मौत पर अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। उसकी विवाह की बात भी चल रही थी। त्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सूचना मिलते ही रायसेन एसडीओपी प्रतिभा शर्मा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने घायल ललित मार्को और मृतक नमन मुद्गल को जिला अस्पताल पहुंचाया। एसडीओपी शर्मा ने बताया कि दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि मौके पर घायलों को पहचानना मुश्किल था। उन्होंने पुष्टि की कि एसपी स्टेनो ललित मार्को के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसके बाद उन्हें भोपाल रेफर किया गया।

## कृषि क्षेत्र में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में शानदार प्रगति : लक्ष्य से आगे बढ़ता जिला



**सीहोर, (निप्र)।** जिले में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। कृषि, सिंचाई और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं में बेहतर क्रियान्वयन के चलते न केवल तय लक्ष्य पूरे किए गए, बल्कि कई क्षेत्रों में प्रभावी परिणाम भी देखने को मिले हैं।

### तिलहन मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) के अंतर्गत समूह प्रदर्शन में 1500 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे पूरी तरह हासिल कर लिया गया। यह दर्शाता है कि किसानों ने आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए उत्पादन बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

### प्रशिक्षण और तकनीकी जागरूकता में बढ़ोतरी

किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रशिक्षण देने पर विशेष ध्यान दिया गया। वर्ष 2025-26 में 59 प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया, जिसमें से लगभग शत प्रतिशत पूरे किए जा चुके हैं। इससे किसानों में नई तकनीकों और फसल प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

**सूक्ष्म सिंचाई योजना में प्रभावी क्रियान्वयन :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीडीएमसी) के तहत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिस्टम में 232 इकाइयों का लक्ष्य रखा गया था, जिसे पूरी तरह हासिल कर लिया गया। इससे जल संरक्षण के साथ-साथ खेती की लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि संभव हुई है।

### स्वाइल हेल्थ में भी अच्छी प्रगति

स्वाइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी के तहत 18,200 सैंपल का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 14 मार्च 2026 तक लगभग 15000 से अधिक सैंपल का परीक्षण पूरा किया जा चुका है। यह किसानों को उनकी जमीन की गुणवत्ता के अनुसार उर्वरक उपयोग में मदद करेगा।

### समग्र विकास की ओर बढ़ता कदम

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से हो रहा है। प्रशासन और किसानों के संयुक्त प्रयासों से विकास की गति तेज हुई है, जिससे आने वाले समय में कृषि उत्पादन और किसानों की आय में और वृद्धि की उम्मीद है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान: ग्राम पंचायत बेला में स्थित शिव शक्ति धाम बावड़ी परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल, (निप्र)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बेला में स्थित शिव शक्ति धाम बावड़ी परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था नव एकलव्य मानव सेवा समिति खुर्दा एवं जनकल्याण संस्था कुंड बकाजन के सहयोग से किया गया। साथ ही मास्टर ऑफ सोशल वर्क एवं बैचलर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान श्रमदान के माध्यम से बावड़ी के चारों ओर साफ-सफाई कर जल स्रोत के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता लवकेश



मोरसे, पूजा मोरले, विजेश इरपाचे, दीपिका सराठे एवं ग्राम पंचायत बेला के रोजगार सहायक सुरेश विश्वकर्मा सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य गुन्नू उईके, अलकेश कुदारे एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। परामर्शदाता लवकेश मोरसे ने बताया कि यह अभियान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इसमें विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे, जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी एवं संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी के निर्देशन में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद श्री मोहन नागर के मार्गदर्शन में पूरे मध्यप्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव-गांव में विलुप्त हो चुके जल स्रोतों जैसे तालाब, कुएं, बावड़ी, नाले एवं छोटी नदियों का पुनर्जीवन ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम को जन आंदोलन का रूप देने के लिए विकासखंड भीमपुर में जल संगोष्ठी, प्रभात फेरी एवं ग्राम चौपाल जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित किया जा सके।



## भूकम्प आपदा जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र किए वितरित

**बैतूल, (निप्र)।** कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में बैतूल में भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में सोनाघाटी होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 05 दिवसीय भूकम्प आपदा जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 25 मार्च से 29 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के प्राचार्य, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के चिकित्सक, नगर पालिका एवं पंचायत सचिव, पुलिस विभाग तथा सिविल डिफेन्स के वालेंटियरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य भूकम्प जैसी आपदा से पूर्व तैयारी एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता का विकास करना था। इस प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में भूकम्प से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रबंधन की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के श्री भूपेन्द्र सिंह एवं जिला चिकित्सालय के श्री हरी वाघमारे द्वारा बर्न जलने की स्थिति से बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई। जिला सैनानी श्री इन्दल उपनारे एवं प्लाटून कमाण्डर श्रीमती सुनीता पन्द्रे ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर श्रीमती सुनीता पन्द्रे, एएसआई श्री वीरनसिंह कुशराम, हवलदार अनुदेशक श्री बलीराम सरयाम, हवलदार स्टोरमेन श्री अवधेश वर्मा सहित होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चना व मसूर का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई तक होगा

**हरदा,(निप्र)।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई 2026 तक किये जाना है। उप संचालक कृषि श्री जे.एल. कास्दे ने बताया कि निर्देशों के परिपालन में जिले में 7 चना उपार्जन केंद्र शासकीय वेयरहाउस में स्थापित किये गये है। इनमें शासकीय वेयर हाउस खेडा – सेवा सहकारी समिति खेडा एवं सोनतालाई, शासकीय वेयरहाउस सुल्तानपुर – सेवा सहकारी समिति गहाल, मसनगाँव, रहटाकलां, शासकीय वेयर हाउस सक्तापुर – सेवा सहकारी समिति बेड़ियाकलां तथा शासकीय वेयरहाउस खिरकिया (कृषि उपज मंडी) – सेवा सहकारी समिति मोरगडी शामिल है। उप संचालक कृषि श्री कास्दे ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि चना उपार्जन केन्द्रों पर चना फसल के स्लॉट बुक कर, सुविधा अनुसार समयावधि में अपनी फसल का विक्रय कर सकते है।

## परस्पर समन्वय से जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं रखें: कलेक्टर श्री सूर्यवंशी

### कानून व्यवस्था को लेकर सजग रहें, नरवाई/आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाएं : पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन

**बैतूल, (निप्र)।** कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि राजस्व और पुलिस विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित



पुलिस एवं राजस्व विभाग की समन्वय बैठक में जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों को दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं के मामलों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा घायलों को व्यवस्थित उपचार मिले। 'राहवीर' और पीएम राहत योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व से संबंधित विवादित प्रकरणों के गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने राजस्व और पुलिस को नगरपालिका से सतत समन्वय बनाए रखने, दमकल एवं एम्बुलेंस सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने तथा आवश्यक अनुमतियां निर्धारित प्रारूप में जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पर्याप्त और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सभी ईंधनों के दाम, आवक एवं उपयोग पर नियंत्रण बनाए रखा जाए, ताकि आपूर्ति प्रभावित न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन ने कहा कि पुलिस एवं राजस्व के बीच बेहतर समन्वय से कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहे। जनहित एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में सतर्क और सजग रहें तथा स्थानीय मुद्दों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाएं। उन्होंने नरवाई आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने, नगरपालिका के साथ समन्वय रखते हुए आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीओपी बैतूल श्री सुनील लाटा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती तृप्ति पटेरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# पश्चिम एशिया में और उलझती जा रही लड़ाई

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए पाकिस्तान में बातचीत शुरू हुई है, जिसमें कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्री शामिल हैं। हालांकि ईरान सीधे संवाद से इनकार कर रहा है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ता जा रहा है। जंग के कारण दुनिया पर आर्थिक दबाव बढ़ने लगा है।अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए रविवार को पाकिस्तान में बातचीत शुरू हो गई। सऊदी अरब, तुर्किये और इजिप्ट के विदेश मंत्री भी इस्लामाबाद पहुंचे हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से जुड़ी चिंताओं को भी उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया था कि युद्ध में थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी।यह पूरा सीन उम्मीदें जगाने वाला भी लगता है, लेकिन इसके साथ कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार कर दिया है, यानी अब दोनों के बीच संवाद के लिए कोई तीसरा पक्ष सामने आएगा। अमेरिका ने समझौते के लिए जो शर्तें रखी हैं, ईरान उससे इनकार करता आ रहा है। सऊदी अरब का रुख भी अहम रहेगा, क्योंकि खबरें हैं कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में भी था।फिर शनिवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। इस्राइल भले ही कह रहा है कि वह कई मोर्चों पर लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन हालात पहले से अलग और चुनौतीपूर्ण हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव जारी है, जबकि गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संसाधन लगे हुए हैं। ऐसे में इस्राइल पर दबाव और बढ़ता दिख रहा है।इस लड़ाई का दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है। यूं तो डॉनल्ड ट्रंप दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से अमेरिका पर फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन वहां गैस के दाम 35त्न तक बढ़ चुके हैं, जबकि यूरोप में 80त्न तक। यह मामूली बात नहीं कि ट्रंप को सत्ता संभाले सवा साल भी नहीं हुए और उन्हें तीसरी नो किंग्स रैली का सामना करना पड़ा। इस बार ट्रंप विरोधी विरोध-प्रदर्शन पूरे अमेरिका के अलावा यूरोप के कई देशों में भी हुए।अमेरिका और इस्राइल ने शांति वार्ता पर भरोसा करने के बजाय सब जानते-समझते हुए भी लड़ाई का रास्ता चुना। उनके इस फैसले की कीमत अब दुनिया चुका रही है। तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से गरीब मुल्क सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। फर्टिलाइजर की कमी से वैश्विक खाद्य संकट पैदा होने का डर है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में ग्रोथ की रफ्तार धीमी पड़ने का डर है। इसलिए अच्छा यही होगा कि यह युद्ध जल्द रुके और इसका रास्ता बातचीत की टेबल से निकलता है।

**आनंद के स्रोत से दूर हो जाते हैं, लेकिन जीवन को एक व्यापक चेतना की प्रक्रिया के रूप में देखें, तो हमें अनुभव होगा कि चिंता और तनाव जीवन के अंतिम सत्य नहीं हैं। उनके साथ-साथ आनंद, आशा और संतुलन भी जीवन के अभिन्न आयाम हैं। हमारा मन स्वभावतः चंचल होता है। यह या तो अतीत की स्मृतियों में उलझा रहता है या भविष्य की आशंकाओं में स्वयं को भटकाता रहता है। इसी कारण वर्तमान क्षण की सहजता और सुंदरता हमसे अक्सर छूट जाती है। चिंता का मूल भी यही है, वह उस समय पैदा होती है, जब मन वर्तमान से दूर हो जाता है। दर्शन की दृष्टि से देखा जाए, तो जीवन का वास्तविक अनुभव केवल वर्तमान में ही संभव है। जब हमारा मन वर्तमान के इस क्षण को स्वीकार करता है और उसमें उपस्थित छोटी-छोटी खुशियों को पहचानता है।**

# भागदौड़ के बीच खोता आनंद- जीवन की असली खुशियों से दूर हो रहे हैं हम

**(मनीषा मंजरी)**

हमारा यह जीवन केवल सांसों का नियमित प्रवाह नहीं है, बल्कि अनुभवों, भावनाओं और चेतना की एक गहन यात्रा भी है। इस यात्रा में सामान्यतः सुख और दुख, आशा और निराशा, संघर्ष और विश्राम सब एक साथ चलते रहते हैं। पर आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं ने हमारे मन को इतना व्याकुल कर दिया है कि हम जीवन के वास्तविक सौंदर्य और आनंद को महसूस नहीं कर पाते हैं। हमें ऐसा लगता है कि हमारे जीवन का अधिकांश भाग चिंता, तनाव और असंतोष से भरा हुआ है। मगर गहराई से विचार करें, तो पाएंगे कि मनुष्य का जीवन केवल चिंता और तनाव के लिए नहीं है, बल्कि आनंद, आशा और संतुलन के लिए भी है। जीवन की कठिनाइयां हमें परखने और मजबूत बनाने के लिए आती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य हमारे भीतर के उत्साह और आशा को समाप्त करना नहीं होता।

जब हम जीवन को केवल समस्याओं और संघर्षों की श्रृंखला मान लेते हैं, तब हम अपने ही भीतर के आनंद के स्रोत से दूर हो जाते हैं, लेकिन जीवन को एक व्यापक चेतना की प्रक्रिया के रूप में देखें, तो हमें अनुभव होगा कि चिंता और तनाव जीवन के अंतिम सत्य नहीं हैं। उनके साथ-साथ आनंद, आशा और संतुलन भी जीवन के अभिन्न आयाम हैं। हमारा मन स्वभावतः चंचल होता है। यह या तो अतीत की स्मृतियों में उलझा रहता है या भविष्य की आशंकाओं में स्वयं को भटकाता रहता है। इसी कारण वर्तमान क्षण की सहजता और सुंदरता हमसे अक्सर छूट जाती है। चिंता का मूल भी यही है, वह उस समय पैदा होती है, जब मन वर्तमान से दूर हो जाता है। दर्शन की दृष्टि से देखा जाए, तो जीवन का वास्तविक अनुभव केवल वर्तमान में ही संभव है। जब हमारा मन वर्तमान के इस क्षण को स्वीकार करता है और उसमें उपस्थित छोटी-छोटी खुशियों को पहचानता है, तब जीवन का बोझ हल्का होने लगता है।

अक्सर हम यह मान बैठते हैं कि सुख केवल बड़ी-बड़ी सामाजिक उपलब्धियों में निहित है, जैसे प्रतिष्ठा, संपत्ति या सफलता में। मगर यह विचार अधूरा है। जीवन का गहन आनंद कई बार उन साधारण क्षणों में छिपा होता है, जिन्हें हम सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं। जैसे किसी प्रियजन की मुस्कान, प्रकृति का शांत सौंदर्य या मन का एक शांत क्षण। यही छोटे-छोटे अनुभव जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। अगर हम इन सूक्ष्म आनंदों को पहचानना सीख जाएं, तो हमारे भीतर संतोष का भाव विकसित होने लगता है। सकारात्मकता का अर्थ यह नहीं है कि हम दुख या



कठिनाइयों से बच सकते हैं। जीवन में संघर्ष और पीड़ा का होना स्वाभाविक है, क्योंकि वही अनुभव हमारे व्यक्तित्व को परिपक्व बनाते हैं। सकारात्मकता का वास्तविक अर्थ यह है कि हम कठिन परिस्थितियों के बीच भी आशा को जीवित रख सकें। यह आशा ही वह शक्ति है, जो अंधकार के क्षणों में भी हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

इसके साथ ही यह भी महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने व्यवहार और शब्दों के माध्यम से दूसरों के जीवन में भी आशा और उत्साह का संचार करें। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका जीवन दूसरों से गहराई से जुड़ा हुआ होता है। हमारे शब्द और व्यवहार कई बार किसी के मन पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। अगर हम अपने व्यवहार में सहानुभूति, करुणा, संवेदनशीलता और सकारात्मकता रखें, तो हम अनजाने में ही किसी के जीवन में प्रकाश की किरण बन सकते हैं। एक स्नेहपूर्ण शब्द, एक प्रोत्साहन या एक छोटी-सी मदद भी किसी निराश व्यक्ति के मन में नई आशा जगा सकती है। यही कारण है कि दार्शनिक दृष्टि से जीवन का मूल्य केवल व्यक्तिगत सुख में नहीं, बल्कि उस प्रकाश में भी है, जिसे हम दूसरों के जीवन में बांटते हैं। जब हम अपने भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को साझा करते हैं, तब हम अपने अस्तित्व को अधिक सार्थक बनाते हैं।

आज के युग में जब हम लगातार बाहरी उपलब्धियों की दौड़ में निरंतर व्यस्त रहते हैं, तब यह याद रखना भी जरूरी है कि जीवन की वास्तविक शांति बाहर नहीं, बल्कि भीतर से उत्पन्न होती है। अगर हम अपने भीतर संतुलन, आशा और करुणा को विकसित कर लें, तो बाहरी परिस्थितियां हमें अधिक विचलित नहीं कर पातीं। इस स्थिति में जीवन केवल संघर्ष का क्षेत्र नहीं रह जाता, बल्कि आत्मबोध और अनुभव की एक गहरी यात्रा बन जाता है। यह विचार करना जरूरी है कि जीवन का सत्य यही है और उसमें प्रकाश तथा अंधकार, दोनों साथ-साथ उपस्थित रहते हैं। मगर हमारे पास यह स्वतंत्रता होती है कि हम किस पक्ष को अधिक महत्त्व देते हैं।

यही मौका कई बार सबसे संवेदनशील साबित होता है। अगर हम अपने भीतर आशा को जीवित रखें, छोटी-छोटी खुशियों को स्वीकार करें और अपने व्यवहार से दूसरों के जीवन में भी उत्साह और शांति का प्रकाश फैलाएं, तो जीवन का मार्ग अधिक सरल और सुंदर बन सकता है। इस प्रकार जीवन को केवल चिंता और तनाव के रूप में देखना उसके व्यापक अर्थ को सीमित कर देना है। जीवन एक ऐसी यात्रा है, जिसमें आनंद, आशा, संघर्ष और अनुभव, सभी मिलकर हमारे अस्तित्व को पूर्णता प्रदान करते हैं। जब हम इस सत्य को समझ लेते हैं, तब हम जीवन को केवल जीते ही नहीं, बल्कि उसे गहराई से अनुभव भी करते हैं।

**ईरान ने लाल सागर के अंदर से गुजर रहे कम्युनिकेशन केबल उड़ाने की किसी तरह की कोई आधिकारिक धमकी नहीं दी है।लेकिन, सोशल मीडिया पर यह चेतावनी लगातार मिल रही है कि अगर तनाव बढ़ा तो समुद्र के नीचे बिछे केबल को भी निशाना बनाया जा सकता है।2025 के सितंबर में दुनिया इस तरह के संकट का सामना कर चुकी है।तब कथित रूप से एक व्यापारिक जहाज के लंगर में उलझ कर समुद्र के नीचे मौजूद कई फाइबर ऑप्टिक केबल क्षतिग्रस्त हो गए थे।**

# मिडिल ईस्ट युद्ध, अब इंटरनेट पर संकट, लाल सागर में समुद्री केबल कटा तो भारत भी होगा प्रभावित

**(अंजन कुमार)**

मिडिल ईस्ट में जारी जंग में भारत किसी तरह से होर्मुज संकट से उबरने लगा है। लेकिन, अब लाल सागर पर मंडरा रहा खतरा एक नई समस्या की ओर खतरे की घंटी बजा दी है। यह है इंटरनेट संकट की आशंका। ईरान पर हमले के कई हफ्तों बाद भारत को तब जाकर थोड़ी राहत मिलनी शुरू हुई, जब फारस की खाड़ी में होर्मुज जलडमरूमध्य से कुछ जहाजों को निकने की अनुमति मिलने लगी। लेकिन अब यमन के हूती विद्रोहियों की वजह से लाल सागर एक नया संकट बनकर खड़ा होने लगा है। जिस तरह से पश्चिम एशिया युद्ध में न तो अमेरिका और इजरायल मानने को तैयार है और न ही ईरान झुकने को राजी है, उससे यह डर बढ़ गया है कि अब लाल सागर में केबल कट हो गया तो इंटरनेट के भी लाले पड़ सकते हैं।

**लाल सागर में समुद्र के नीचे बिछे केबल पर खतरा –** ईरान ने लाल सागर के अंदर से गुजर रहे कम्युनिकेशन केबल उड़ाने की किसी तरह की कोई आधिकारिक धमकी नहीं दी है।लेकिन, सोशल मीडिया पर यह चेतावनी लगातार मिल रही है कि अगर तनाव बढ़ा तो समुद्र के नीचे बिछे केबल को भी निशाना बनाया जा सकता है।2025 के सितंबर में दुनिया इस तरह के संकट का सामना कर चुकी है।तब कथित रूप से एक व्यापारिक जहाज के लंगर में उलझ कर समुद्र के नीचे मौजूद कई फाइबर



ऑप्टिक केबल क्षतिग्रस्त हो गए थे।इस वजह से विशेष रूप से दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया के कई देशों को कनेक्टिविटी की दिक्कत झेलनी पड़ी थी।

**हूती विद्रोहियों की धमकियों ने बढ़ाई टेंशन –** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच तनाव बढ़ने के बाद ईरान के समर्थन में यमन के आतंकी संगठन हूती विद्रोही भी कूद पड़े हैं।हूती विद्रोही सोशल मीडिया के जरिए कई बार लाल सागर के नीचे मौजूद फाइबर ऑप्टिक केबल काटने की धमकी दे चुके हैं।अगर हूती विद्रोही इस युद्ध का हिस्सा बने तो समुद्र के नीचे से गुजर रहे केबल की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

**सितंबर 2025 में भी समुद्री केबल कट गए थे –** इंटरनेशनल केबल प्रोटेक्शन कमेटी के अनुसार पिछले साल सितंबर में केबल टूटने से चार प्रमुख केबलों को नुकसान हुआ था, इनमें-दक्षिण पूर्व एशिया-मध्य पूर्व-पश्चिम यूरोप,भारत-मध्य पूर्व-पश्चिम यूरोप और फाल्कन जीसीएक्स,समुद्र के नीचे बिछे केबल कई तरह के इंटरनेट गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण हैं।इनमें, क्लाउड सर्विस, वीडियो कॉल, ईमेल, वित्तीय लेन-देन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नेटवर्क शामिल हैं।

### समुद्री केबल टूटा तो भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा-

- सितंबर 2025 में लाल सागर में केबल टूटने से भारत भी कुछ हद तक प्रभावित हुआ था।
- इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह ठप नहीं हुईं, लेकिन पूरे देश के प्रमुख नेटवर्क को आउटरेज का सामना करना पड़ा।
- भारत में जिस तरह से क्लाउड सर्विस, डिजिटल पेमेंट और एआई डिवाइसों का इस्तेमाल बढ़ा है, अगर लाल सागर में केबल को बड़ा नुकसान होता है, तो भारत को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।
- दुनिया में 95 प्रतिशत इंटरनेशनल डेटा इन्हीं समुद्री केबल के माध्यम से गुजरता है।
- भारत के पास ऐसे 17 केबल हैं, जो मुंबई, चेन्नई,कोचीन,तूतीकोरिन और तिरुवनंतपुरम के 14 लैंडिंग स्टेशनों से जुड़े हुए हैं।
- ऐसे में उन केबलों को अगर किसी तरह से नुकसान हुआ तो, देश में संचार सेवाएं भी निश्चित तौर पर प्रभावित हो सकती हैं।

## वर्ग पहेली 6048

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | 10 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 11 | | ■ | ■ | 12 | |
| ■ | 13 | | | ■ | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 |
| 18 | ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | | ■ | ■ | 22 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. केवल महिलाओं हेतु विश्व का सबसे बड़ा विश्व विद्यालय इस देश में स्थापित है (6)
7. यह मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कृति है जिस पर फिल्म (1966) निर्माण हुआ है (3)
8. सारी दुनिया का उलट-पलट (4)
9. भरोसा, विश्वास, यकीन (4)
11. किसी वस्तु, जगह आदि के अंदर (अंग्रेजी)(2)
12. बतौर नायक-नायिका यह ऋषि कपूर-डिंपल कपाड़िया की पहली फिल्म थी (2)
13. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है, इसे अंग्रेजी में रोज कहते है (3)
14. चैत्र माह की फसल (2)
15. बलिदत्त, जिसे युद्ध में प्राण त्याग दिए हों (3)
16. जितना समय लगना चाहिए उससे अधिक समय, विलंब (2)
19. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
20. तुषार पात, अंतरिक्ष जल (2)
21. बृहत्तर एंटिलीज के सबसे बड़े द्वीप क्यूबा की यह राजधानी है (3)
22. वर्षद, जलदाता, नीरद (3)

**ऊपर से नीचे**

1. तटवर्ती प्रवाहहीन जल (3)
2. उकताहट, बैचेन, मनोरंजनहीन (2)
3. यशस्वी मुगल सम्राट अकबर द्वारा चलाया धर्म (6)
4. क्षेत्रफल, अहाता (3)
5. सचल वायु, अलमस्त हवा, बहती हवा (3)
6. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
10. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
12. धर्मेंद्र के अभिनेता पुत्र (5)
13. बदख्वाह, जिसके मन में कुछ और मुंह पर कुछ हो (उर्दू)(2)
17. कच्चा आहार पदार्थ, सामान, पूर्ति (3)
18. एक शब्द जिसके द्वारा वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त किसी तीसरे मनुष्य का संकेत किया जाता है (4)

### वर्ग पहेली 6047 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | वी | न्द्र | ना | थ | टे | गो | र |
| च | र | ■ | पा | ल | क | ■ | म |
| ना | ग | लो | क | ■ | ल | प | क |
| ■ | ति | न | ■ | रो | ■ | ह | ■ |
| मे | ■ | ■ | स | म | का | ली | न |
| घ | ब | रा | ना | ■ | का | ति | ल |
| दू | ना | ■ | त | ल | ■ | थि | ■ |
| त | व | ■ | न | व | ल | ■ | ■ |

# दोपहर की नींद बन सकती है 'साइलेंट किलर' बढ़ाती है हार्ट अटैक और डायबिटीज का खतरा

**(अनन्या मिश्रा)**

एक स्टडी में यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि दोपहर में सोने की आदत दिल की बीमारियों, डायबिटीज और यहां तक कि समय से पहले मौत के खतरे को बढ़ा सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं।



दोपहर के समय में एक छोटी सी झपकी लेना हम सभी को पसंद होता है। दिनभर की थकान के बीच यह कुछ पल का सुकून जरूर देता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डॉक्टर के मुताबिक दोपहर की नींद आपके लिए यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। हार्वर्ड की एक स्टडी ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि दोपहर में सोने की आदत दिल की बीमारियों, डायबिटीज और यहां तक कि समय से पहले मौत के खतरे को बढ़ा सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं।

### सोने से पहले जान लें ये नियम

दरअसल, दोपहर की नींद बुरी नहीं होती है। लेकिन खतरा तब पैदा होता है, जब आप 'गलत समय' या 'गलत अवधि' के लिए सोते हैं। शरीर के लिए गलत तरीके और गलत समय से ली गई झपकी किसी जहर की तरह काम करती है, वहीं आपकी सेहत को अंदर ही अंदर नुकसान पहुंचाती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक एक स्टडी में बताया गया है कि आप खुद को इस खतरे से कैसे बचा जा सकता है। अगर आप दोपहर में सोना ही चाहते हैं और बीमारियों से भी बचना चाहते हैं। तो आपको इन दो आसान नियमों का पालन करना चाहिए।

### सही अवधि

दोपहर की झपकी सिर्फ 10 से 30 मिनट के बीच होना चाहिए। इससे ज्यादा लंबी नींद आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है।

### सही समय

दोपहर की छोटी सी झपकी लेने का सबसे सुरक्षित समय सुबह 11:00 बजे दोपहर 02:00 बजे के बीच का है। दोपहर 2 बजे के बाद भूलकर भी नहीं सोना चाहिए।

वहीं सबसे जरूरी बात यह है कि आपको अपनी नींद का मुख्य हिस्सा रात में ही पूरा करना चाहिए। अगर आप रात में बिना किसी परेशानी के सुकून भरी नींद लेना चाहते हैं, तो दोपहर में ज्यादा देर नहीं सोना चाहिए। इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन आपके लिए उत्तम है। आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा. रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा. गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे.

**वृष**
आज आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे. परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको आनंद का अनुभव होगा. मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे.

**तुला**
आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए. अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगे, तो मनमुटाव हो सकता है. मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी.

**वृश्चिक**
आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा. कार्यस्थल पर कोई आसान टारगेट मिल सकता है, जिसे लेकर आप उत्साहित रह सकते हैं.

**मिथुन**
आज का दिन अधूरे काम पूरा करने के लिए समय अच्छा है. आपके परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण होगा. अपने काम में यश एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे. लोगों के साथ बातचीत के दौरान स्वभाव को शांत रखना आवश्यक है.

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्वक रहेगा। किसी बात की चिंता आपको रह सकती है. आपको पेट सम्बंधी कोई तकलीफ हो सकती है. अचानक धन खर्च होने की संभावना है. प्रेमियों के बीच मतभेद हो सकता है.

**धनु**
आज दिन थोड़ा कष्टदायक लग रहा है. परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं. आपका व्यवहार उग्र होगा और आप क्रोधित रहेंगे. किसी के साथ जोरदार बहस भी हो सकती है. स्वास्थ्य खराब होगा. आपको व्यवहार और वाणी पर अंकुश रखना होगा.

**मकर**
आज आपके घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है. किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज का दिन अनुकूल है. आज शेयर बाजार में भी लाभ मिलने की संभावना है. आप मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे.

**सिंह**
आज आपके परिवार में सुख- शांति का वातावरण रहेगा. माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी. हालांकि आज नकारात्मकता आपके मन को दुःखी करेगी और आपको बेचैनी का अनुभव होगा.

**कन्या**
आज बिना विचारे किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें. आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं. भाई- बहनों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा. रहस्यमय विद्या में आपकी रुचि बढ़ेगी.

**कुंभ**
आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आपसे प्रसन्न होंगे. आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी. नौकरी और व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी. कोई अधूरा काम पूरा होने से आपकी चिंता दूर होगी. आपका स्वास्थ्य तथा मान-सम्मान बढ़ेगा. वैवाहिक जीवन में आनंद रहेगा.

**मीन**
आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी. संतान पक्ष की चिंता हो सकती है. ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद हो सकता है और उनके नाराज होने की संभावना है. आपके विरोधी आपके लिए कठिनाई पैदा कर सकते हैं.

# जिंदगी को भी 'गेम' जैसे खेलती हूं



'सेक्रेड गेम्स' की कुकू हो या 'द ट्रायल' की सना शेख, एक्ट्रेस कुब्रा सैत को जब भी दमदार किरदार मिले, उन्होंने उसे निचोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन स्ट्रॉन्ग, कॉम्प्लेक्स लड़कियों में उन्होंने बिंदासियत और संवेदनशीलता का मिला-जुला रंग भरकर यादगार बना दिया। अब अपनी नई सीरीज 'संकल्प' में भी वह डीएसपी परवीन शेख की सशक्त भूमिका में हैं।

कुब्रा का कहना है, 'मैं खुशनसीब हूं कि मुझे ये किरदार निभाने को मिले। उनमें जो कॉम्प्लेक्सिटी है, उसे निभाना सौभाग्य की बात है। मैं इनसे सीख पाती हूं कि सिर्फ ताकतवर होना ही मजबूती नहीं है। असुरक्षित, टूटा होकर खड़ा होना भी ताकत है। मुझे लगता है कि ये जितने भी किरदार मैंने निभाए हैं, उनमें कुछ न कुछ मेरा होगा क्योंकि ये सारे रंग हम सबमें हैं। वो चाहे बिंदासियत हो, ताकत या असुरक्षित महसूस करना, इन किरदारों के जरिए मुझे अपने बारे में भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अच्छी बात ये है कि ऑडियंस इनसे रिलेट कर पा रही है, पसंद कर रही है तो हम कुछ तो सही कर रहे है। यही चीज मुझे प्रेरित करती है।'

कुब्रा की पहली ही फिल्म रेडी सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ थी। उनके साथ काम करते वक्त कोई डर या इंटीमिडेशन था, यह पूछने पर वह कहती हैं, 'नहीं यार, मैं बहुत कॉन्फिडेंट थी तो मैं सबके साथ बैठकर बातें करती थी। मुझे सबके बारे में जानना था। मैं सलमान खान सर के साथ भी बैठती थी। उनसे पूछती थी कि ये कैसे हुआ, वो कैसे हुआ, तो वे भी बातें करते थे। मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि नई हूं तो कोने में बैठना जरूरी है।

टैलंट के बावजूद 15 साल लंबे करियर में कुब्रा मेन लीड में ना के बराबर ही दिखी हैं। क्या इस बात का कभी मलाल होता है? इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'नहीं यार, ये सब सोचूंगी तो जो काम हो रहा है वो भी बंद हो जाएगा। मुझे बहुत कुछ क्रिएट करना है। अपना बहुत कुछ करना है। मैं इन बातों में फंसी तो आगे बढ़ना मुश्किल हो जाएगा। इससे बेहतर जो काम है या जो काम मैं करना चाहती हूं, उस पर फोकस करूं। बाकी तो बहुत कुछ हो सकता था, पर मैं आज यहां पर हूं और अपने काम में मुझे मजा आ रहा है, इससे बड़ी बात और क्या होगी। हां, कभी कभी लगता है। जैसे, कोविड के वक्त मुझे लगा था कि सब खत्म हो गया। अब कुछ नहीं होगा। मैं अपना सामान पैक करके वापस घर चली जाऊंगी, मगर नहीं गए, टिके रहे और यहां पर टिके रहने का ही गेम है।



## सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' का हिस्सा होंगे प्रतिभा रांटा और रोहित सराफ?

अभिनेता रोहित सराफ इन दिनों अभिनेत्री प्रतिभा रांटा के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। फिल्मफेयर के मुताबिक दोनों की आपस में अच्छी बनती है और वह अच्छे दोस्त हैं। दोनों को एक दूसरे का साथ पसंद आ रहा है। वे एक दूसरे के साथ अक्सर अच्छा वक्त बिताते हैं। उनके बीच अच्छा रिश्ता होने के बावजूद वह अपने रिश्ते को कोई नाम नहीं दे रहे हैं।
कई जगहों पर एक साथ स्पॉट होने की वजह से दोनों चर्चा का विषय बने हुए हैं।
दिलचस्प है कि न तो प्रतिभा रांटा और न ही रोहित सराफ ने अब तक अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है।

### इस सीरीज का होंगे हिस्सा

इस बीच खबर आ रही है कि रोहित और प्रतिभा सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' का हिस्सा होंगे। इसके निर्देशक निखिल आडवाणी हैं। इसकी कहानी एक किताब पर आधारित है। इन दोनों कलाकारों के अलावा इसमें भुवन बाम, गुरफतेह पीरजादा और जेसन शाह होंगे। यह सीरीज इसी साल अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है।

### प्रतिभा रांटा का वर्कफ्रंट

प्रतिभा रांटा बॉलीवुड फिल्म 'लापता लेडीज' (2024) में नजर आ चुकी हैं। वह 'एक्यूज्ड' (2026) का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

### रोहित सराफ का वर्कफ्रंट

रोहित सराफ 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' (2025) और 'ठग लाइफ' (2025) का हिस्सा रहे हैं।



## अक्षय ने 'वक्त' फिल्म से सीखा जीवन का सबसे बड़ा सबक



अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों रियलिटी क्विज शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' की मेजबानी करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपने शो में सभी को समय की कीमत के बारे में अच्छे तरीके से समझाया। इस दौरान उन्होंने अमिताभ बच्चन की साथ में की फिल्म 'वक्त: द रेस अगेंस्ट टाइम' का जिक्र करते हुए कहा कि असल जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। दरअसल, इस फिल्म में ईश्वरचंद ठाकुर (अमिताभ बच्चन) एक जिम्मेदार पिता है जो अपने बिगड़े हुए बेटे आदित्य (अक्षय कुमार) को जीवन का सबक सिखाना चाहता है, लेकिन जब ईश्वरचंद को पता चलता है कि उसे कैंसर है, तो वह एक सख्त फैसला लेता है ताकि उसका बेटा जिम्मेदार बने। अक्षय ने बताया कि 'वक्त: द रेस अगेंस्ट टाइम' उनकी खास फिल्मों में से एक थी और इसकी एक लाइन ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। अक्षय ने कहा, 'मैं आपको एक फिल्म बताता हूं, जो मेरी जिंदगी के लिए बहुत खास फिल्मों में से थी। उसका नाम था 'वक्त'। इस फिल्म में एक लाइन होती है, 'कोई बात नहीं बेटा है, सुधर जाएगा', लेकिन असलियत में ऐसा नहीं होता। हम अक्सर सोचते हैं कि कल सुधर जाएगा, बाद में कर लेंगे, लेकिन समय किसी का इंतजार नहीं करता।'
अक्षय ने आगे 'सूरज चमकते समय घास बनाने' की कहावत का भी जिक्र किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मौका मिलते ही काम कर लेना चाहिए, वरना बाद में पछतावा ही रह जाता है।
एक प्रतियोगी रोहित को संबोधित करते हुए अक्षय ने सीधे कहा, 'रोहित, मैं सच बता रहा हूं बेटा, वक्त किसी का इंतजार नहीं करता।'
अक्षय ने कहा, 'मैं बचपन से ही पढ़ाई में अच्छा नहीं था। इसलिए 14 साल की उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था, क्योंकि धीरे धीरे मुझे महसूस हुआ कि अपनी जिंदगी खुद संभालनी होगी।'
अक्षय ने अपने संदेश को एक मजबूत निष्कर्ष के साथ खत्म किया। उन्होंने कहा, 'मैं सबको यह कहना चाहता हूं कि कभी यह मत सोचिए कि सही वक्त आने पर कर लेंगे। अगर कुछ करना है तो आज ही शुरू कर दो। वरना वह काम कभी नहीं हो पाएगा। समय बहुत तेजी से गुजरता है और पीछे मुड़कर देखने पर सिर्फ अफसोस रह जाता है।'
साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'वक्त: द रेस अगेंस्ट टाइम' विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्देशित एक सफल भावनात्मक बॉलीवुड पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और शेफाली शाह ने अभिनय किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस में काफी सफल रही थी।



## 'धुरंधर 2' से प्रभावित होकर राम गोपाल वर्मा ने 'सरकार' सीरीज टाली, बनाएंगे सिंडिकेट

फिल्म निर्माता-निर्देशक राम गोपाल वर्मा आदित्य धर की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर 2' से खासा प्रभावित हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बार फिर से फिल्म की तारीफ करते हुए उन्होंने अपने बचपन के सपनों के बारे में दिलचस्प बातें साझा कीं। साथ ही बताया कि अब 'सरकार' नहीं बल्कि 'सिंडिकेट' पर काम करना चाहते हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 10 साल की उम्र में वह ऑटो रिक्शा ड्राइवर बनना चाहते थे, क्योंकि एक्सीलरेटर तेज होने पर निकलने वाली 'वूम-वूम' की आवाज उन्हें बहुत आकर्षित करती थी। एक लंबा नोट लिखते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा, ' बदलाव ही एकमात्र स्थिर चीज है जिसके साथ हम सब बड़े हुए। मेरे जीवन के शुरुआती सालों में सपने लगातार बदलते रहे। उन्होंने लिखा, 'जब मैं करीब 10 साल का था, तो ऑटो रिक्शा ड्राइवर बनना चाहता था। फिर 15 साल की उम्र में चचेरे भाई से प्रेरित होकर जंगल में रहना चाहा। कुछ साल बाद इंजीनियर बनने का सपना देखा, लेकिन फिर मन बदलकर डायरेक्टर बनने का फैसला किया।'
फिल्म मेकर ने अपनी पढ़ने की आदतों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एनिड ब्लाइटन की किताबें उन्हें बहुत पसंद थीं, लेकिन जब जेम्स हैडली चेस के बारे में पता चला तो वे उन्हें सबसे शानदार लेखक लगे। बाद में फ्रेडरिक फोर्सिथ ने उन्हें और भी ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने लिखा कि नए अनुभव हमें बदलते हैं और हमारे बेंचमार्क को ऊंचा उठाते हैं, ऐसा होना भी चाहिए।अपनी फिल्मों के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी बेंचमार्क फिल्में 'द साउंड ऑफ म्यूजिक' (जिससे 'रंगीला' प्रेरित हुई), 'एक्सॉर्सिस्ट' (जिससे 'रात' और 'भूत') व 'गॉडफादर' (जिससे 'सत्या', 'कंपनी' और 'सरकार' सीरीज) रही हैं। उन्होंने मुख्य रूप से 'गॉडफादर' से प्रेरणा लेकर फिल्में बनाईं।
उन्होंने 'धुरंधर: द रिवेंज' की खूब तारीफ की। साथ ही कहा कि इस फिल्म ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने 'सरकार' फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी को टाल दिया है और अब 'सिंडिकेट' पर काम करने का फैसला किया है। राम गोपाल वर्मा ने लिखा, 'जानिए सिंडिकेट क्यों, सरकार क्यों नहीं? सिंडिकेट की कहानी इस सोच पर आधारित है कि क्या होगा अगर भारत का पूरी कानून-व्यवस्था एक दिन में ही ढह जाए? यह हॉरर फिल्म जैसी होगी, लेकिन कोई सुपरनैचुरल तत्व नहीं, बल्कि इंसानी दिमागों में छिपी भयानक चीजों को दिखाएगी। यह एक ऐसे संगठन की कहानी है जो इतना शक्तिशाली और संगठित हो जाता है कि देश के अस्तित्व के लिए खतरा बन जाता है।'
राम गोपाल ने आगे बताया कि 'धुरंधर 2' देखने के बाद उनकी पुरानी फिल्में उन्हें कुछ भी नहीं लगतीं। अगर पहले 'गॉडफादर' उनका पैमाना था, तो अब 'धुरंधर 2' को वह 'गॉडफादर का भी गॉडफादर' मानते हैं। फिल्म के हर पहलू कहानी कहने का अंदाज, किरदार, बैकग्राउंड म्यूजिक, एक्शन और अदाकारी ने उन्हें पूरी तरह प्रभावित किया।



## 'मिस्टर इंडिया' का सीक्वल बनाना चाहते हैं इमरान खान

अनिल कपूर स्टारर 'मिस्टर इंडिया' अपनी रिलीज के 29 साल बाद भी दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है। फिल्म को हर पीढ़ी के दर्शक काफी पसंद करते हैं। कई बार फिल्म का सीक्वल बनाने की भी चर्चाएं उठीं। अब अभिनेता इमरान खान ने 'मिस्टर इंडिया' का रीमेक बनाने की इच्छा जताई है।

### 'मिस्टर इंडिया' के फैन रहे हैं इमरान

हाल ही में रेडिट के एक आस्क मी एनिथिंग सेशन में इमरान खान ने फैंस के अलग-अलग सवालों के जवाब दिए। इसी दौरान एक प्रशंसक ने इमरान खान से पूछा, 'अगर आपको कभी दुनिया के किसी भी इंडस्ट्री के किसी भी पॉपुलर किरदार (सुपरहीरो सहित) को अपने नजरिए से फिर से लिखने का मौका मिले, तो आप किसे चुनेंगे?'
इसके जवाब इमरान ने कहा कि यह सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन कई साल से मेरा सपना रहा है कि मैं 'मिस्टर इंडिया' का सीक्वल बनाऊं। मैं इस फिल्म का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। क्योंकि यह एक फिक्शनल कॉमिक बुक फिल्म को यथार्थवादी और इमोशनल रूप से मजबूत बनाने का एक बेहतरीन उदाहरण है। यह शानदार है। अनिल कपूर आज भी उतने ही अच्छे दिखते हैं जितने तब दिखते थे।

### इमरान को पसंद है 'मिस्टर इंडिया' की मासूमियत

इसी दौरान इमरान से पूछा गया, ''मिस्टर इंडिया' एक महान किरदार हैं। उनकी यात्रा का आधुनिक रूप देखना बहुत रोमांचक होगा। इसलिए इसमें कुछ भी अजीब नहीं है। लेकिन क्या आप उसे एक हीरो वाला कैरेक्टर ही रखेंगे या एक क्लासिक विलेन के रूप में बदलने का जोखिम उठाना चाहेंगे?' इस पर इमरान ने कहा कि मेरे लिए इस किरदार की खूबसूरती उसकी ईमानदारी और आदर्शवाद में ही है। एक्टर ने कहा कि मुझे सच में लगता है कि मूल फिल्म में अनिल कपूर का जो आकर्षण और मासूमियत थी, उसे रीमेक में आप बखूबी निभा सकते हैं। मुझे जरूर बताएं कि मैं इसके लिए कहां साइन अप कर सकता हूं।

### 1987 में रिलीज हुई थी 'मिस्टर इंडिया'


शेखर कपूर द्वारा निर्देशित 'मिस्टर इंडिया' साल 1987 में रिलीज हुई थी। यह एक लोकप्रिय सुपरहीरो फिल्म है। इसमें अनिल कपूर ने अरुण वर्मा का किरदार निभाया है, जो एक वायलिन वादक है और अनाथ बच्चों का पालन-पोषण करता है।

### 11 साल बाद इस फिल्म में लीड एक्टर के तौर पर नजर आएंगे इमरान

इमरान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' में एक छोटी सी भूमिका में नजर आए थे। उनकी लीड हीरो के रूप में अगली फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' है। इस फिल्म के जरिए इमरान लगभग 11 साल बाद लीड एक्टर के तौर पर वापसी करेंगे।

## प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी मोना सिंह वेब सीरीज 'मां का सम'

मोना सिंह और मिहिर आहूजा वेब सीरीज 'मां का सम' में एक साथ नजर आने वाले हैं। मोना और मिहिर के अलावा इस सीरीज में अंगिरा धर और रणवीर बराड़ भी अहम किरदार में नजर आएंगे। 'मां का सम' एक नई वेब सीरीज है। जिसका निर्देशन निकोलस खारकोंगोर ने किया है। इस सीरीज में मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका में मिहिर आहूजा नजर आएंगे। यह सीरीज 3 अप्रैल 2026 को प्राइम वीडियो रिलीज हो रही है।



आईपीएल टिकट केएससीए का बड़ा फैसला

# अब विधायकों को इंटरनेशनल और आईपीएल मैच के लिए मिलेंगे इतने फ्री टिकट

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैचों के दौरान टिकटों को लेकर चल रही खींचतान अब



खत्म होती नजर आ रही है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने विधायकों की मांग को स्वीकार करते हुए उनके लिए फ्री टिकटों का कोटा तय कर दिया है। अब राज्य के विधायकों को न केवल आईपीएल, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी खास तवज्जो दी जाएगी।

**टिकटों का नया गणित** – इस पूरे विवाद को सुलझाने के लिए डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने केएससीए के आला अधिकारियों और आरसीबी के सीईओ के साथ एक अहम बैठक की। बैठक के बाद यह तय हुआ कि अब हर आईपीएल मैच के लिए विधायकों को 3 फ्री टिकट दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, इंटरनेशनल मैचों के लिए भी विधायकों को 2 फ्री टिकट मिलेंगे, जबकि 2 अन्य टिकट वे पैसे देकर खरीद सकेंगे। पहले केवल 2 टिकटों की बात चल रही थी, लेकिन लंबी चर्चा के बाद इसे बढ़ाकर 3 कर दिया गया है।

**खरीदने में भी मिलेगी प्राथमिकता** – जो विधायक फ्री कोटा के अलावा अतिरिक्त टिकट खरीदना चाहते हैं, उनके लिए भी रास्ता आसान कर दिया गया है। विधायकों को बस विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में एक पत्र देना होगा, जिसके बाद उन्हें टिकट खरीदने की कतार में प्राथमिकता दी जाएगी। यानी अब माननीय सदस्यों को आम जनता की तरह टिकटों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### विवाद की जड़ और 'वीआईपी' गरिमा

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब विधानसभा में विधायकों ने आईपीएल मैचों के लिए अपनी सीटों और टिकटों का मुद्दा उठाया। कुछ विधायकों का तर्क था कि चूंकि वे जन प्रतिनिधि और वीआईपी हैं, इसलिए वे आम जनता के साथ लंबी लाइनों में खड़े होकर टिकट नहीं ले सकते। विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने भी इस पर सरकार को हस्तक्षेप करने का सुझाव दिया था। हालांकि, स्टेडियम में विधायकों के लिए अलग गैलरी बनाने की मांग पर डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि वे इस तकनीकी मामले में दखल नहीं देंगे।

# भारत ने भूटान को 5-0 से रौंदा, टेबल में टॉप पर पहुंची टीम इंडिया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने 23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान 23 नेशनल टीम को 5-0 से हरा दिया। यह मुकाबला अरुणाचल प्रदेश के यूपिया स्थित गोल्डन जुबली स्टेडियम में खेला गया। इस जीत के साथ भारत अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गया है।

भारत की ओर से सुहैल अहमद भट ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल किए। वहीं रिक्की मीतेई हाओबाम, टोम्बा सिंह हाओबाम और मोहम्मद अजसल ने एक-एक गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी। भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और भूटान पर लगातार दबाव बनाए रखा।

पहला गोल हाफ टाइम से ठीक पहले आया, जब रिक्की ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में भारत ने और आक्रामक खेल दिखाया और लगातार गोल कर मैच को एकतरफा बना दिया।

मैच के आखिरी मिनटों में भारत ने दो और गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया। सुहैल ने एक गोल करने के साथ एक असिस्ट भी दिया, जिससे टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित हुई। भारत ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण रखा और भूटान को ज्यादा मौके नहीं दिए। इस जीत के बाद भारत के तीन अंक हो गए हैं।

# वैभव सूर्यवंशी ने रच दिया इतिहास

## 15 गेंद में 50 रन ठोककर तोड़ा अभिषेक शर्मा-ईशान और रैना का महारिकॉर्ड




**गुवाहाटी (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में धमाकेदार अंदाज़ में शुरुआत करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया, लेकिन इस मुकाबले की सबसे बड़ी चर्चा युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन रहा. सूर्यवंशी ने सिर्फ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर आईपीएल इतिहास में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में जगह बना ली. इस दौरान उन्होंने सुरेश रैना, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों के 16 गेंदों में बने अर्धशतक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

- **आरआर के गेंदबाजों ने सीएसके पर कसी नकेल** – इस जीत की नींव पहले गेंदबाज़ों ने रखी थी. जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से शानदार स्विंग कराते हुए शुरुआती झटके दिए. वहीं रवींद्र जडेजा ने भी दो विकेट लेकर मध्यक्रम को संभलने नहीं दिया. चेन्नई की टीम 127 रनों पर सिमट गई. केवल जेमी ओवरटन ने 43 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेलकर स्कोर को सम्मानजनक बनाया। सूर्यवंशी के आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 38) और कप्तान रियान पराग (नाबाद 14) ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल कर लिया. टीम ने 12.1 ओवर में ही मैच जीतकर अपने इरादे साफ कर दिए. इस मुकाबले में सबसे खास बात यही रही कि एक वैभव ने न सिर्फ मैच जिताया, बल्कि रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा लिया।

### वैभव ने पावरप्ले में मचाया तहलका

128 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया. उन्होंने चौकों-छक्कों की बारिश करते हुए पावरप्ले में ही मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया. उनकी पारी की बदौलत राजस्थान ने बिना विकेट खोए 6 ओवर में 74 रन बना लिए, जिससे जीत लगभग तय हो गई. युवा स्टार वैभव ने 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें 5 छक्के और 7 चौके शामिल रहे. हालांकि अर्धशतक के तुरंत बाद वह आउट हो गए, लेकिन तब तक चेन्नई के गेंदबाज पूरी तरह दबाव में आ चुके थे।

### ओवरटन ने धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा, रॉयल्स की सबसे बड़ी जीत

15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया। वैभव की इस पारी की बदौलत राजस्थान ने मंगलवार को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया।सोमवार को चेन्नई 19.4 ओवर में 127 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में राजस्थान ने 12.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी जीत रही।

### गेंद बाकी रहने के लिहाज से राजस्थान की सबसे बड़ी जीत

राजस्थान ने 47 गेंद रहते अपने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रनचेज किया। इससे पहले 2014 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 42 गेंद बाकी रहते जीत हासिल की थी। मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा 21 मैच जीते हैं। इसके बाद पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स 16-16 जीत के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### ओवरटन ने धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा

जैमी ओवरटन ने 43 रन की पारी खेलकर ष्टस्च के लिए नंबर-8 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड एम एस धोनी के नाम था, जिन्होंने 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली के खिलाफ नाबाद 37 रन बनाए थे।

### कम्बोज-ओवरटन की रिकॉर्ड साझेदारी

अंशुल कम्बोज और जैमी ओवर्टन ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़े। यह सीएसके की ओर से आखिरी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 26 रन का था, जो एम एस धोनी और मोहित शर्मा के नाम 2013 में दर्ज हुआ था।

### पांच साल बाद संजू पहले मैच में फिफ्टी से चूके

संजू सैमसन 2020 के बाद पहली बार किसी सीजन के पहले मैच में 50+ स्कोर नहीं बना सके। 2021 में उन्होंने शतक लगाया था। 2022, 2023, 2024, 2025 में संजू ने 50 से ज्यादा रन बनाए थे।

## सौरव गांगुली ने किया बीसीसीआई का समर्थन, हर जगह खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं।बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।




गांगुली ने स्पोर्ट्सस्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा, 'ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'

## मुंबई के होटल के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला आईपीएल इंजीनियर का शव

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच के बीच मुंबई से एक दुखद खबर सामने आई है। टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्ट क्रू का हिस्सा रहे 76 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक इयान विलियम्स लैंगफोर्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वह मुंबई के मरीन ड्राइव स्थित मशहूर ट्राइडेंट होटल में ठहरे हुए थे, जहां सोमवार को उनका शव कमरे के फर्श पर पड़ा मिला। जानकारी के मुताबिक, इयान 24 मार्च से ही आईपीएल की कवरेज के सिलसिले में होटल में रुके थे। 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए मुकाबले के बाद वह अपने कमरे (नंबर 2715) में लौट गए थे। अगले दिन यानी 30 मार्च को जब होटल रिसेप्शन से उन्हें फोन किया गया, तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। बार-बार संपर्क करने की कोशिश नाकाम होने के बाद होटल स्टाफ उनके कमरे तक पहुंचा।जब कमरे के अंदर से कोई हलचल महसूस नहीं हुई, तो स्टाफ ने मास्टर की का इस्तेमाल कर दरवाजा खोला। अंदर का नजारा हैरान करने वाला था–इयान जमीन पर बेसुध गिरे हुए थे। होटल के इन-हाउस डॉक्टर को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मरीन ड्राइव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल इसे आकस्मिक मृत्यु के तौर पर दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है और शुरुआती रिपोर्ट में अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या साजिश के संकेत नहीं मिले हैं।

## नसीम शाह पर जुर्माना लगाया मुख्यमंत्री नवाज पर किया था कमेंट




**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मरियम नवाज की आलोचना वाले ट्वीट के बाद हुई, जिसे नसीम के अकाउंट से पोस्ट होने के कुछ देर बाद डिलीट कर दिया गया। इसे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों का उल्लंघन माना।विवाद की शुरुआत के पहले मैच के बाद हुई। चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पहले घोषणा की थी कि ईंधन बचाने और पश्चिमी एशिया संकट के कारण टूर्नामेंट बिना दर्शकों के होगा। लेकिन मैच के दौरान पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज गद्दाफी स्टेडियम पहुंचीं और खिलाड़ियों से मिलीं। नसीम शाह के अकाउंट से एक पोस्ट को कोट-ट्वीट करते हुए लिखा गया 'उन्हें लॉर्ड्स की रानी की तरह ट्रीट क्यों किया जा रहा है विवादित ट्वीट के कुछ मिनट बाद ही उसे डिलीट कर दिया गया। इसके बाद नसीम ने एक और पोस्ट कर सफाई दी कि उनका अकाउंट हैक हो गया था। सोमवार को उन्होंने एक नया बयान जारी कर कहा, मेरे अकाउंट से पिछला पोस्ट मेरी मैनेजमेंट टीम ने किया था, वह मेरे विचार नहीं हैं। मैं अपने प्लेटफॉर्म की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और सोशल मीडिया मैनेजर को हटा दिया है। मैं इस गलती के लिए माफी मांगता हूं।

# शाहीन पर 10 लाख का जुर्माना सुरक्षा नियमों को तोड़ने का है आरोप




**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी ही टीम लाहौर कलंदर्स ने 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बाद की गई है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब टीम होटल में कुछ अनधिकृत लोगों के प्रवेश को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने आपत्ति जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, ये चार लोग सिकंदर रजा के जानने वाले थे, जिन्हें खिलाड़ियों के कमरे में आने की अनुमति नहीं दी गई थी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सुरक्षा अधिकारियों और पीएसएल के सीईओ सलमान नजीर ने स्पष्ट रूप से इस अनुरोध को खारिज कर दिया था। इसके बावजूद आरोप है कि शाहीन अफरीदी और सिकंदर रजा ने उन लोगों को कमरे में एंट्री दिलाई।इस पूरे मामले पर लाहौर कलंदर्स ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'यह मामला किसी जानबूझकर नियम तोड़ने का नहीं, बल्कि एक गलतफहमी का परिणाम है। हम सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरा सम्मान करते हैं। हम एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का सख्ती से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बेहतर संवाद की आवश्यकता है।'इस घटना के बाद टीम प्रबंधन ने अनुशासन बनाए रखने के लिए शाहीन अफरीदी पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि, सिकंदर रजा के खिलाफ कोई आधिकारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिकंदर रजा ने पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए कहा, 'इस मामले की जिम्मेदारी मेरी है। शाहीन अफरीदी को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।'

### टीम मालिक की कोशिश भी रही नाकाम

बताया जा रहा है कि पहले टीम के लायजन अधिकारी ने मेहमानों को अनुमति दिलाने की कोशिश की थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद टीम के मालिक समीइन राणा ने भी पीएसएल प्रबंधन से अपील की, जिसे फिर से ठुकरा दिया गया। इसके बावजूद मेहमानों को कमरे में लाया गया, जो पूरे विवाद का कारण बना। लाहौर कलंदर्स का मानना है कि इस मामले को जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। टीम ने कहा कि यह एक छोटी सी गलतफहमी थी, जिसे सार्वजनिक रूप से बड़ा विवाद बना दिया गया। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस तरह की लापरवाही खिलाड़ियों और लीग दोनों के लिए खतरा पैदा कर सकती है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है।

# पोलियो को मात देकर लगातार 4 स्वर्ण जीते, देश की पहली खिलाड़ी जिन्होंने रचा इतिहास

**इंदौर।** बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70




खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया। सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया।

### परिस्थितियों को बनाया अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा

सपना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को देती हैं। वह किसी अन्य के बजाय अपनी खुद की जिंदगी और संघर्षों को अपना रोल मॉडल मानती हैं। उनके परिवार में पति संजय वर्मा और बेटी हनाया हैं, जो उनके इस कठिन सफर में हमेशा साथ खड़े रहे हैं। सपना का कहना है कि उन्होंने जो कुछ भी सीखा है, अपनी परिस्थितियों से ही सीखा है। वह उन सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेती हैं जो विपरीत हालातों के बावजूद देश के लिए मेडल जीतकर लाते हैं।सपना शर्मा अब अपनी इस सफलता को अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाना चाहती हैं। वह पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं, हालांकि कई बार आर्थिक कारणों से वह चयन होने के बाद भी विदेशी दौरों पर नहीं जा सकीं। लेकिन इन असफलताओं ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया है। अब उनका एकमात्र लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए अधिक से अधिक स्वर्ण पदक जीतना और देश का गौरव बढ़ाना है। वह कहती हैं कि वह गिरकर संभलने और हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरने में विश्वास रखती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति ने तीसरी बार शपथ ली

**बैंगुई, एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति फॉस्टिन-आर्चेंज टौएडेरा ने तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। यह शपथ विवादित चुनाव के तीन महीने बाद हुई है। टौएडेरा को दिसंबर में हुए चुनाव में विजेता घोषित किया गया था, लेकिन विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष नहीं था। नए कार्यकाल की अवधि अब सात साल होगी, क्योंकि पहले संविधान में बदलाव कर दिया गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका लक्ष्य देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना और संसाधनों का पारदर्शी इस्तेमाल करना है। हालांकि, देश में 2013 से जारी संघर्ष और अस्थिरता अभी भी चिंता का विषय है। कई विद्रोही समूह अब भी सक्रिय हैं, जिससे हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं।

### बांग्लादेश: एक और पूर्व सैन्य अधिकारी गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में एक और पूर्व सैन्य अफसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बांग्लादेश पुलिस की खुफिया शाखा (डीबी) ने बर्खास्त लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अफजल नासिर (61) को राजधानी के मीरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें रविवार देर रात हिरासत में लिया गया।

### कंबोडिया में ऑनलाइन ठगी करने पर होगी उम्रकैद की सजा

**नोम पेन्ह, एजेंसी।** कंबोडियाई संसद ने ऑनलाइन धोखाधड़ी केंद्रों के खिलाफ कड़ा कानून पारित किया है। इसमें दोषियों को उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। न्याय मंत्री केउत रिथ ने कहा कि यह कदम डिजिटल अरेस्ट और देश की खराब होती छवि को सुधारने के लिए उठाया गया है। हालांकि, हार्वर्ड के विशेषज्ञ जैकब सिम्स ने चेतावनी दी है कि जब तक नेटवर्क पूरी तरह खत्म नहीं होते, ये कानून निष्प्रभावी रह सकते हैं।

### चिली में स्कूल सुरक्षा सख्त करने की तैयारी

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली के राष्ट्रपति जोसे एंटोनियो कास्ट ने हाल ही में स्कूलों में बढ़ती हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा कड़ी करने का ऐलान किया है। पिछले शुक्रवार एक स्कूल में चाकू से हमला हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। इसके अलावा सोमवार को एक 15 साल का छात्र स्कूल में भरी हुई बंदूक लेकर घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। इन घटनाओं के बाद सरकार अब स्कूलों में सख्त कदम उठाने की योजना बना रही है। राष्ट्रपति कास्ट ने कहा कि अब छात्रों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और स्कूलों में प्रवेश के नियम और कड़े किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री मारिया पाज अरजोला ने बताया कि एक नया कानून तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत शिक्षक छात्रों के बैग की जांच कर सकेंगे। साथ ही स्कूलों में मेटल डिटेक्टर लगाने की योजना भी तेज की जाएगी। हालांकि चिली में स्कूलों में हथियारों से हमले आम नहीं हैं, लेकिन हाल के घटनाक्रम ने सरकार और समाज दोनों को चिंता में डाल दिया है। सरकार का कहना है कि बदलते हालात को देखते हुए अब सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### अमेरिका में वर्क वीजा नियमों में बड़ा बदलाव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नागरिकता और आप्रवासन सेवा (यूएससीआईएस) ने फॉर्म आई-129 से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। इस बदलाव के बाद, अगर कोई आवेदन पुराने फॉर्म (01/20/25 एडिशन) में भेजा जाता है, तो विभाग उसे स्वीकार नहीं करेगा। फॉर्म आई-129 का इस्तेमाल अमेरिकी कंपनियां विदेशी कर्मचारियों के लिए करती हैं। यह फॉर्म उन लोगों के लिए भरा जाता है जो अमेरिका में अस्थायी रूप से काम करने या ट्रेनिंग लेने आते हैं। इसमें कई गैर-आप्रवासी वीजा शामिल हैं। फॉर्म आई-129 के नए एडिशन में वित्त वर्ष 2027 के ॥-1क्ककैप सीजन के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब यह नई वेतन-आधारित लॉटरी प्रणाली के तहत काम करेगा।

# ईरान के इस्फहान में 2000 किलो के बम से हमला, राष्ट्रपति ट्रंप ने साझा किया वीडियो

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संकट दिन-ब-दिन और भयानक होता जा रहा है। आसमान मिसाइलों से जल रहा है, जमीन धमाकों से कांप रही है और हर दिन नयी तबाही का खतरा अलग से। अमेरिका और इस्राइल का ईरान के साथ जारी ये संघर्ष अपने 32वें दिन में प्रवेश कर चुका है और संकट अभी भी बरकरार है। देखा जाए तो अब यह युद्ध केवल सीमाओं तक नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया को डर और चिंता में डाल चुका है। हालात अब नियंत्रण से बाहर हैं और कोई समाधान फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा।

ईरान ने कुवैत के तेल टैंकर को निशाना बनाया है। सोमवार को दुबई के बंदरगाह पर कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिससे टैंकर में आग लग गई। इस हमले के चलते समुद्र में तेल फैलने का खतरा भी पैदा हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकरों को निशाना बनाया जा रहा है।



ईरान के इस्फहान में अमेरिका ने 2000 किलो बंकर बस्टर बम से किया हमला ईरान के इस्फहान शहर में धमाके हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। ईरान के इस्फहान शहर की आबादी करीब 23 लाख है और यहीं पर ईरानी सेना का बद्र सैन्य अड्डा भी है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, अमेरिकी सेना ने इस्फहान के हथियार डिपो पर 2000 किलो वजनी बंकर बस्टर बम से हमला किया। इस्फहान में ही ईरान का संवर्धित यूरेनियम का भंडार भी रखा है। बीते साल जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तब भी इस्फहान में परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था। ईरान की राजधानी तेहरान में कई इलाकों में अंधेरा छा गया है। दरअसल हमलों में तेहरान के बिजली प्लांट्स को नुकसान पहुंचा है, जिससे पूर्वी तेहरान में कई इलाके बिना बिजली के रहने के मजबूर हैं। वहीं ईरान के समर्थन में इराक के उग्रवादी संगठनों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों पर बीते दिन 19 हमले किए। इनमें कई ड्रोन हमले शामिल हैं। इस्राइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में ऑपरेशन के दौरान चार और इस्राइली सैनिकों की मौत हो गई है।

## विमान के इंजन में लगी आग! हजारों फीट ऊंचाई पर यात्री सांस लेने को तरसे

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राज़ील के साओ पाउलो से अमेरिका के अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में एक भयानक हादसा हो गया। रविवार 29 मार्च की आधी रात के आस-पास जैसे ही डेल्टा एयरलाइंस के एयरबस 330-323 विमान ने उड़ान भरी, उसका बायां इंजन फट गया और उसमें आग लग गई। इस भयानक मंज़र को देखकर विमान में सवार करीब 300 यात्री चीख पड़े। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान की खिड़कियों के बाहर आग की लपटें दिखाई दे रही थीं और आसमान से जलता हुआ मलबा टूटकर रनवे के पास गिर रहा था। विमान के अंदर से आ रही आवाज़ों में यात्रियों के डर के मारे रोने और चीखने की आवाज़ें सुनी जा सकती हैं। इंजन में आग लगते ही पायलट ने तुरंत मेडे (आपातकालीन संदेश) घोषित कर दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने पायलट को चेतावनी देते हुए कहा, डेल्टा, तुम्हारे पंखों में आग लगी है, जिस पर पायलट ने जवाब दिया, हमें पता है, हमें वापस लौटना होगा। विमान 4,500 फ़ीट की ऊंचाई तक पहुंच चुका था, लेकिन पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए सिर्फ़ 9 मिनट के अंदर ही विमान को सुरक्षित रूप से वापस हवाई अड्डे पर उतार लिया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई ख़बर नहीं है। डेल्टा एयरलाइंस ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि तकनीकी खराबी के कारण फ़्लाइट डीएल0104 को रद्द कर दिया गया था और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफ़ी मांगी।


## डेट्रॉइट में यहूदी मंदिर पर हमले का हिजबुल्ला कनेक्शन; एफबीआई बोला

# आरोपी ने वीडियो में बताए थे खतरनाक इरादे

**डेट्रॉइट, एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन के डेट्रॉइट इलाके में मार्च की शुरुआत में एक यहूदी मंदिर (सिनेगॉग) पर ट्रक से हुए हमला के मामले में एक बड़ी खबर सामे आ रही है। मामले में अब फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने सोमवार को बड़ा दावा करते हुए बताया कि हमला करने वाला व्यक्ति अयमान गजाली ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह से प्रेरित था। डेट्रॉइट में एफबीआई की प्रमुख जेनिफर रन्यान ने कहा कि गजाली ने हमले से पहले एक वीडियो बनाकर अपनी हिंसक मंशा जाहिर की थी। वीडियो में उसने कहा था कि वह जितने ज्यादा लोग मार सके, मारना चाहता है। बता दें कि ये घटना बीते 12 मार्च की है। हमले का शिकार मंदिर 'टेम्पल इस्राइल' है, जो 'रिफॉर्म यहूदी धर्म' का हिस्सा है। यह यहूदी धर्म की सबसे बड़ी शाखा है और सामाजिक न्याय और समानता जैसे मुद्दों पर जोर देती है। मंदिर की स्थापना 1941 में डेट्रॉइट में हुई थी। 1980 के दशक में इसे वेस्ट ब्लूमफील्ड में ले जाया गया। अब इसके 12,000 से अधिक सदस्य हैं।

### अब समझिए पूरा घटना क्रम

एफबीआई के अनुसार डियरबॉर्न हाइट्स में रहने वाला गजाली मंदिर की पार्किंग में कुछ घंटों तक रुका रहा। इसके बाद उसने बंद दरवाजों को तोड़कर अपना पिकअप ट्रक मंदिर के अंदर घुसा दिया। ट्रक बच्चों के कक्षा वाले वाले हिस्से में पहुंच गया और वहां एक सुरक्षा गार्ड को टक्कर मार दी। उसके बाद गजाली ने एक और सुरक्षा गार्ड के साथ गोलीबारी की और अंत में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हमले के समय ट्रक में आग लग गई थी और उसमें कई पेट्रोल के डिब्बे और बड़े पटाखे रखे हुए थे। गजाली की पत्नी ने पहले दी थी चेतावनी




हालांकि गनीमत रही कि मंदिर में मौजूद 150 बच्चों और कर्मचारियों में किसी को चोट नहीं आई। बचाव दल ने तुरंत सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दूसरी ओर 911 कॉल रिकॉर्डिंग से पता चला कि हमले से पहले गजाली की पहली पत्नी ने पुलिस को फोन करके चेतावनी दी थी। उसने कहा था कि वह बहुत परेशान है और खुदकुशी कर सकता है। उसकी मानसिक हालत इसलिए बिगड़ी थी, क्योंकि लेबनान में इस्राइल की बमबारी में उसके कई परिवार के सदस्य मारे गए थे।

### हिजबुल्ला का कमांडर था गजाली का भाई

दूसरी ओर दावा तो इस बात का भी किया जा रहा है कि गजाली का भाई इब्राहिम गजाली लेबनान में हिजबुल्ला का कमांडर था। अमेरिकी अधिकारियों ने भी बताया कि गजाली के परिवार का हिजबुल्ला से संबंध था। गौरतलब है कि हिजबुल्ला 1982 में लेबनान में बना था। इसका मुख्य मकसद शुरू में दक्षिणी लेबनान पर इस्राइल के कब्ज़े को खत्म करना था। हालांकि अब यह पूरी तरह से इस्राइल को खत्म करना चाहता है। अमेरिका ने इसे कई वर्षों से आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। हिजबुल्ला एक राजनीतिक दल भी है और इसके सदस्य लेबनान की संसद में हैं।

## हैवानियत की हदें पार, पति बना दरिंदा... नशे की आदी पत्नी को 120 मर्दों को बेचा! यौन संबंध बनाने को किया मजबूर

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** स्वीडन से एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। यहां एक 62 वर्षीय व्यक्ति पर अपनी ही पत्नी को वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेलने और लगभग 120 पुरुषों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर करने का संगीन आरोप लगा है। यह मामला इतना वीभत्स है कि इसकी तुलना फ्रांस के कुख्यात गिज़ेल पेलिकॉट केस से की जा रही है, जिसने पूरी दुनिया में सनसनी फैला दी थी।

**शोषण और क्रूरता की सारी हदें पार:** आरोपी शख्स, जो कभी हेल्स एंजल्स जैसे खतरनाक गिरोह का सदस्य रह चुका है, पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी की नशे की लत और उसकी लाचारी का फायदा उठाया। उसने न केवल अपनी पत्नी के लिए ऑनलाइन ग्राहक खोजे और सौदे तय किए, बल्कि उसे ड्रग्स देकर और डरा-धमकाकर लगातार यौन शोषण का शिकार बनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह सिर्फ देह व्यापार का मामला नहीं है, बल्कि यह निर्दयी शोषण है।

**जब पत्नी ने किया विरोध, तो मिली दरिंदगी:** हैरानी की बात यह है कि आरोपी ने महिला पर ऑनलाइन वीडियो बनाने और अजनबियों के सामने खुद को पेश करने का भारी दबाव बनाया। जब भी पीड़िता ने किसी खास व्यक्ति या परिस्थिति में मना करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और रेप जैसी वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह भयावह सिलसिला अगस्त 2022 से अक्टूबर 2025 के बीच चलता रहा। महिला की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर रेप, वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने और मारपीट के गंभीर मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

**कानून के घेरे में 120 खरीदार:** स्वीडन के सख्त कानूनों के तहत यौन संबंध बेचना अपराध नहीं है, लेकिन उन्हें खरीदना गैरकानूनी है। इस मामले में पुलिस ने उन 120 पुरुषों की पहचान कर ली है जिन्होंने महिला की बेबसी का सौदा किया था। इनमें से 26 लोगों पर पहले ही आरोप तय हो चुके हैं, जबकि बाकी के खिलाफ जांच जारी है। स्वीडन की जेंडर इक्वलिटी मंत्री नीना लार्सन ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि पुरुषों को महिलाओं के शरीर की खरीद-फरोख्त हर हाल में बंद करनी चाहिए। इस मामले की अदालती सुनवाई 13 अप्रैल से शुरू होने वाली है, जिससे अब पीड़िता को न्याय की उम्मीद है।




## किसी और की जंग में मत कूदो', खाड़ी देशों को रूस की सख्त चेतावनी, यूएस-इस्राइल पर साधा निशाना

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि खाड़ी देशों को किसी और के युद्ध में घसीटना बेहद खतरनाक होगा और इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ सकती है। मॉस्को से जारी बयान के अनुसार, लावरोव ने गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस खाड़ी के देशों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह समर्थन करता है और उनके खिलाफ किसी भी तरह के हमले को गलत मानता है। सर्गेई लावरोव ने खास तौर पर चेतावनी दी कि इन देशों को 'किसी और की लड़ाई' में शामिल करना ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिक इलाकों, खासकर बिजली, पानी और ऊर्जा से जुड़े ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं, क्योंकि इससे आम लोगों की जिंदगी पर सीधा असर पड़ता है। पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। यह संघर्ष 28 फरवरी से शुरू हुआ था, जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने



अमेरिका के सहयोगी देशों और इस्राइल को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव और हमलों का सिलसिला जारी है। रूसी विदेश मंत्री ने इस पूरे संकट के लिए अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे 'बिना उकसावे और बेवजह की आक्रामकता' बताया। उन्होंने कहा कि इस विवाद का हल सिर्फ बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकल सकता है, जिसमें सभी देशों के हितों का ध्यान रखा जाए।

## ईरान में कार्रवाई: पीएम नेतन्याहू का दावा- आईडीएफ ने आधे से अधिक लक्ष्य हासिल किए; क्या अब यूरेनियम भंडार पर कब्जा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिका-इस्राइल संयुक्त सैन्य अभियान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अब आधे से आगे पहुंच चुका है और इसका अगला मुख्य लक्ष्य ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को सुरक्षित करना या हटाना है। एक इंटरव्यू में न्यूजमैक्स से बातचीत करते हुए नेतन्याहू ने दावा किया कि इस अभियान में अब तक अहम सफलताएं हासिल हुई हैं। उनके मुताबिक, ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया गया है।

ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान

नेतन्याहू ने बताया कि अमेरिका और इस्राइल की सेनाओं ने मिलकर ईरान के मिसाइल सिस्टम, हथियार फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई प्रमुख वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। इससे ईरान की युद्ध क्षमता को गंभीर झटका लगा है। उन्होंने कहा हमने उनकी मिसाइल क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है, फैक्ट्रियां तबाह कर दी हैं और उनके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अहम लोगों को खत्म किया है। इस्राइली प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब ऑपरेशन का फोकस ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार पर है, जो परमाणु हथियार बनाने में सबसे अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस सामग्री को ईरान से हटाने और अंतरराष्ट्रीय निगरानी में देने की मांग की है। नेतन्याहू ने इस सैन्य कार्रवाई को सिर्फ मौजूदा खतरे से निपटने का नहीं, बल्कि भविष्य में संभावित बड़े संकट को रोकने का प्रयास बताया। उनका कहना है ईरान परमाणु हथियार बनाने और उन्हें अमेरिकी शहरों तक पहुंचाने की क्षमता विकसित कर रहा है। इस युद्ध का मकसद इसी खतरे को रोकना है।

**ईरान कमजोर, गठबंधन मजबूत:** नेतन्याहू ने दावा किया कि इस



ऑपरेशन के चलते ईरान की स्थिति कमजोर हो रही है, जबकि अमेरिका-इस्राइल गठबंधन और मजबूत होकर उभर रहा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि ईरान के अंदर अस्थिरता बढ़ रही है। हालांकि, उन्होंने ऑपरेशन के खत्म होने की कोई समयसीमा नहीं बताई, लेकिन भरोसा जताया कि मिशन अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

## इंडोनेशिया में तूफान के बीच डूबी नौका, लापता हुए 21 यात्रियों को बचाया गया

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बचाव दल ने तूफान के बीच समुद्र में नौका डूबने के बाद 21 यात्रियों को मंगलवार को बचा लिया। पालू शहर में खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख मुहम्मद रिजाल ने कहा कि नौका पर रवाना हुए सभी लोग सुरक्षित पाए गए। अधिकारियों ने पहले 27 लोगों के लापता होने की सूचना दी थी, लेकिन जीवित बचे लोगों ने बताया कि यात्रियों की सूची में शामिल छह लोगों ने यात्रा की योजना रद्द कर दी थी। बचावकर्मियों को पता चला कि मछली पकड़ने वाले दल में शामिल ये लोग घटनास्थल से लगभग 46 किलोमीटर दूर एक नौका पर सवार हैं।

रिजाल ने कहा कि नाजिला 05 नामक नौका रविवार शाम के बाद तालीबु द्वीप के एक बंदरगाह से उत्तरी सुलावेसी प्रांत के केमा के लिए रवाना हुई थी। उन्होंने कहा कि इस नौका का इस्तेमाल अक्सर पर्यटकों को ले जाने के लिए किया जाता था और इसे स्थानीय रूप से मछली पकड़ने वाले या छोटे यात्री जहाज के रूप में




भी जाना जाता था। नाजिला 05 के मालिक ने अधिकारियों को बताया कि नाव के कैप्टन ने सूचना दी थी कि ऊंची लहरों के कारण नाव का आगे का हिस्सा टूट गया और तूफानी मौसम के दौरान नाव डूब गई। उन्होंने बताया कि नाजिला 05 के डूबने से पहले चालक दल के सभी सदस्य किसी दूसरी नाव में सवार होने में सफल रहे। इंडोनेशिया में 17,000 से अधिक द्वीप हैं, और यहां नावें परिवहन का प्रमुख साधन हैं।

## पश्चिम एशिया संकट में भारत बन सकता है बेहतर मध्यस्थ', इस्राइली दूत ने पाक की भूमिका पर उठाए सवाल

**यरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब दूसरे महीने में पहुंच चुका है और इसी बीच इस्राइल के विदेश मंत्रालय की विशेष दूत फ्लेर हसन-नहूम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष शुरू से ही एक 'मल्टी-फ्रंट यानी कई मोर्चों वाला क्षेत्रीय युद्ध' बन गया था और इस्राइल ने इसमें सैन्य रूप से काफी बढ़त हासिल की है। यरुशलम से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि 7 अक्तूबर को दक्षिण से हमास ने हमला किया, जिसे उन्होंने ईरान का समर्थन प्राप्त संगठन बताया। इसके अगले ही दिन उत्तर दिशा से भी हमला हुआ, जिससे यह साफ हो गया कि इस्राइल को एक साथ कई मोर्चों पर लड़ना पड़ रहा है। पाकिस्तान की संभावित मध्यस्थता पर



उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद की समस्या से जूझ रहा है और वह इस मामले में ज्यादा सफल नहीं होगा। वहीं भारत की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के सभी देशों के साथ अच्छे संबंध हैं और वह पाकिस्तान से बेहतर मध्यस्थ साबित हो सकता है। अमेरिका की भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा बातचीत का मौका दिया है, लेकिन ईरान की जिद के कारण समझौता नहीं हो पाया। उन्होंने इस रणनीति को सही बताते हुए कहा कि एक तरफ बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहिए और दूसरी तरफ जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। फ्लेर हसन-नहूम ने दावा किया कि पिछले एक महीने में इस्राइल ने विरोधी ताकतों को काफी कमजोर कर दिया है। उनके मुताबिक, ईरान से जुड़े रॉकेट लॉन्च सिस्टम का करीब 80% हिस्सा नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विरोधी पक्ष की नौसेना और शीर्ष सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के अंदर अस्थिरता और अव्यवस्था का भी दावा किया, जहां नेतृत्व में दरारें और भगदड़ जैसी स्थिति बताई जा रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी हालत में ऐसे देश को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जो खुले तौर पर विनाश की बात करता हो।

## मेट्रो कॉरिडोर पर विज्ञापन पोल से बवाल

**इंदौर।** मेट्रो कॉरिडोर पर रातों-रात एडवरटाइजमेंट पोल लगाए जाने के मामले में एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से लेकर संबंधित एडवरटाइजिंग एजेंसी को कठघरे में खड़ा करते हुए पूरे मामले में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। जनकार्य प्रभारी राठौर ने कहा कि एक ओर नगर निगम शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर बिना अनुमति रातों-रात इस तरह विज्ञापन बोर्ड खड़े कर दिए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसकी अनुमति से यह कार्य किया गया। राठौर ने जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसी के खिलाफ जांच की मांग करते हुए स्पष्ट किया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की मनमानी पर रोक लग सके।

## पत्नी और बेटी ने पिता को पीटा

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित जीत नगर में एक व्यक्ति जब अपनी पत्नी के घर जरूरी दस्तावेज लेने पहुँचा, तो पत्नी, बेटी और एक अन्य रिश्तेदार ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी मदन (50 वर्ष), निवासी जीत नगर खंडवा नाका अपनी पत्नी रंगबाई से अलग रहते हैं। शनिवार रात करीब 8 बजे मदन अपने भांजों के साथ पत्नी के घर अपना आधार कार्ड और वोटर आईडी लेने पहुँचे थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया।विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी रंगबाई, बेटी ज्योति और रिश्तेदार आर्यन ने मदन के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मदन को थप्पड़ों से पीटा, वहीं बेटी ज्योति ने डंडे से हमला कर दिया। भंवरकुआं पुलिस ने मदन की रिपोर्ट पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## चाकू लेकर घूमते दो को पकड़ा

**इंदौर।** पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों से धारदार चाकू बरामद कर पंढरीनाथ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पहली कार्रवाई रविवार शाम करीब 7-15 बजे सीपी शेखर नगर गार्डन पानी की टंकी के पास की गई, जहां सादब मेवाती (28 साल) निवासी कबूतरखाना क्षेत्र की तलाशी लेने पर उसके लोअर की जेब से एक लोहे का धारदार चाकू मिला। इसी तरह दूसरी कार्रवाई रात करीब 8-45 बजे मच्छी बाजार चौराहा, नाले के पास की गई। यहां सचिन उर्फ पवन उर्फ काली यादव (23 साल) निवासी महूनाका, छत्रीपुरा की तलाशी लेने पर उसके पेंट की कमर के पीछे छिपाकर रखा धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर पुछताछ शुरू कर दी है।

## धारदार वस्तु से महिला पर हमला

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम चोरल में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट और हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादिया नौशाद बी निवासी ग्राम चोरल ने शिकायत दर्ज कराई कि रविवार की शाम करीब 5 बजे मायके में रहने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी केहकशा और फरीदा बी, दोनों निवासी ग्राम आठमील, थाना खुडैल, ने उसे गालियां दीं। विवाद बढ़ने पर दोनों ने फरियादिया पर चाकू जैसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई।

**किशोरी की संदिग्ध मौत-** हीरानगर थाना इलाके के बाल सुधार गृह की एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किशोरी पिछले काफी समय से अस्वस्थ थी। हीरा नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**इंदौर।** बड़गोंदा पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार रविवार को नखेरी रोड तिराहे पर कार्रवाई के दौरान पवन डावर उम्र 41 साल और संतोष डावर उम्र 32, दोनों निवासी ग्राम घोड़ा खुर्द, को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 2 किलो 650 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 26 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों के कब्जे से एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल एमपी 09 एक्सएच 9003 कीमत करीब 2.50 लाख रुपए तथा ओप्पो और वीवो कंपनी के दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## शराब के लिए ना कहने पर चाकू मारा

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक शख्स ने अपने ही दोस्त पर सिर्फ इसलिए चाकू से हमला कर दिया, क्योंकि उसने शराब पिलाने से मना कर दिया था। फरियादी वीरेंद्र सिंह तोमर निवासी आजाद नगर ने पुलिस को बताया कि वह काली पुलिया के पास अपने काम पर जाने के लिए खड़ा था। तभी उसका दोस्त रवि यादव वहाँ पहुँचा और पुरानी बात का हवाला देते हुए शराब पिलाने की जिद करने लगा। वीरेंद्र ने जब काम पर जाने की बात कहकर मना किया, तो रवि भड़क गया।गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुँच गया और देखते ही देखते रवि ने चाकू निकालकर वीरेंद्र के पेट में घोंप दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग जमा होते, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी रवि यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चौकीदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक क्षेत्र की ही एक कॉलोनी में चौकीदारी का काम करता था और वहीं पास में टापरी बनाकर रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक की पहचान रामजीवन पिता तुलसीराम (23) निवासी अंबामोलिया के रूप में हुई है। वह कनाड़िया इलाके की एक कॉलोनी में चौकीदार के रूप में तैनात था। वह रात वह अपनी टापरी में सोने गया था। सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया, तो उसके भाई ने जाकर देखा। टापरी के अंदर रामजीवन का शव फंदे पर लटका हुआ मिला, जिसे देखकर हड़कंप मच गया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

**युवती फांसी पर झूली-** श्रद्धा श्री कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान प्रीति मीणा पिता सुरेश (23) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डेढ़ साल बाद इंदौर एयरपोर्ट 24 घंटे चालू रहने के लिए फिर खुला

### रनवे की रिकार्पेटिंग का काम पूरा, फ्लाइट बढ़कर 100 होंगी

**इंदौर।** करीब डेढ़ साल तक रात में बंद रहने के बाद एयरपोर्ट को 24 घंटे संचालन के लिए फिर खोल दिया जाएगा। रनवे की रिकार्पेटिंग का काम पूरा हो गया। मंगलवार आधी रात 2.15 बजे पुणे की फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट पर उतरी। 3.15 बजे यह वापस पुणे के लिए लौटती है। समर शेड्यूल में इंदौर से फ्लाइट संचालन 100 का आंकड़ा पार हो सकता है। इंदौर को कुछ नए रूट्स के लिए भी फ्लाइट्स मिल सकेंगी। अभी इंदौर 22 शहरों से सीधे जुड़ा है। नवंबर 2024 से रिकार्पेटिंग का काम शुरू हुआ था। तब से एयरपोर्ट पर रात 10-30 से सुबह 6 बजे तक फ्लाइट का संचालन बंद था। यह काम अक्टूबर-2025 में पूरा होना था। लगातार बारिश और बिटुमिन (डामर) की कमी के कारण इसमें देरी हुई। पहले 31 दिसंबर तक काम बढ़ाया गया, फिर इसे 31 मार्च तक किया गया। 17 महीने में इंदौर एयरपोर्ट पर रनवे रिकार्पेटिंग का काम पूरा हो गया है। अभी



आने-जाने में 90 फ्लाइट का संचालन हो रहा है, रात में रनवे शुरू होने से ये संख्या 100 से ज्यादा हो सकती है। रात 10 बजे रनवे बंद होने से जो फ्लाइट थोड़ी भी लेट उड़ान भरती थी, उसे निरस्त करना पड़ता था, अब ऐसी नौबत नहीं आएगी।

**कुछ काम अभी भी बाकी** - प्रबंधन के मुताबिक रनवे पर चार इंच डामर की परत बिछाई गई है। करीब 400-500 मीटर हिस्से में कुछ काम शेष है। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते बिटुमिन की कमी के कारण यह हिस्सा शेष है। लेकिन, फ्लाइट की लैंडिंग, टेकऑफ वाले हिस्से में काम पूरा हो गया है। इस वजह से फ्लाइट ऑपरेशन में कोई परेशानी नहीं है।

### 16 फ्लाइट फिर शुरू होंगी

रनवे का काम चलने की वजह से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे सहित 16 फ्लाइटें बंद या रीशेड्यूल हुई थीं। अब इनमें से कुछ फ्लाइट दोबारा शुरू होंगी। हैदराबाद, कोलकाता, रायपुर, जयपुर जैसे शहरों के लिए भी ज्यादा फ्लाइट मिल सकती हैं। दिल्ली के लिए अभी आने-जाने में 14, मुंबई के लिए 10 और बेंगलुरु के लिए 6 फ्लाइट हैं। ट्रैफिक दबाव देखते हुए रात में ज्यादा फ्लाइट इन्हीं रूट पर मिलेंगी। बैंकॉक, सिंगापुर जैसी इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए जो प्रस्ताव दो साल से अटके थे, उन पर काम आगे बढ़ेगा। युद्ध के कारण अभी शारजाह फ्लाइट निरस्त है।

## पेंटहाउस विवाद में आरोपी पिता और पुत्र से सीन रीक्रिएट कराया

### पार्किंग में कार को तेजी से चलाकर शंपा पाठक को कुचला

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में महिला इंजीनियर को कार से कुचलकर मौत के घाट उतारने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को घटनास्थल पर ले जाकर पूरे घटनाक्रम का सीन रीक्रिएट कराया, जिससे घटना की परतें खुलने लगी। समृद्धि एंक्लेव स्थित शिव वाटिका कॉलोनी में 25 मार्च को हुई इस घटना में महिला इंजीनियर शंपा पाठक की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, पेंटहाउस को लेकर चल रहे विवाद ने इतना उग्र रूप ले लिया कि आरोपियों ने गुस्से में आकर कार से वारदात की। जांच के दौरान आरोपी कुलदीप चौधरी और उसके पुत्र मोहनीश चौधरी को मौके पर ले जाकर पूरी घटना दोहराई गई। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर दोनों से बारीकी से पूछताछ की और यह समझने की कोशिश की कि आखिर किस परिस्थिति में इतनी खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पार्किंग एरिया में तेज रफ्तार कार दौड़ाकर महिला को कुचला गया। अतिरिक्त डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक,मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## आईटीआर भरने, सुधार, रिफंड के नाम पर साइबर फ्रॉड से बचें

### हीट स्ट्रोक से बचाव के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण दिया

**इंदौर।** फाइनेंशियल ईयर खत्म होने वाला है। ऐसे में लोग टैक्स भरते हैं। जिसका फायदा उठाकर ठग अक्सर टैक्स रिफंड, केवाईसी अपडेट या आईटीआर में गलती सुधारने के बहाने फर्जी मैसेज, ई-मेल या फर्जी लिंक भेजकर उन्हें निशाना बनाते हैं। ऐसे में लोगों को इन साइबर ठगों से बचने और सावधानी रखने की जरूरत है। इसे लेकर इंदौर पुलिस ने सोमवार को एडवाइजरी जारी की है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि ऐसे सभी फर्जी मैसेज, लिंक आदि पर बिना वेरिफाई करे बिल्कुल क्लिक न करें और ओटीपी, बैंक डिटेल्स किसी से साझा न करें। आईटीआर संबंधी सभी काम के लिए केवल अधिकारिक वेबसाइट का इस्तेमाल ही करें। इंदौर पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि आयकर विभाग के नाम से आने वाले फर्जी कॉल, मैसेज या आईटीआर पेंडिंग मैसेज से सावधान रहें। साइबर ठग टैक्स का डर दिखाकर ओटीपी, बैंक डिटेल या पैसे मांग सकते है। इसलिए याद रखें, आयकर विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी या बैंक जानकारी नहीं मांगता। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर 1930 पर शिकायत करें।

# मुख्यमंत्री के दौरे में ड्यूटी से गायब टीआई राजपूत को सस्पेंड किया

### इससे पहले भी राहुल राजपूत को कई मामलों में सजा दी गई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रमों में ट्रैफिक का एक टीआई ड्यूटी से नदारद रहा। इस मामले में ट्रैफिक अधिकारियों ने सोमवार को जांच के बाद उसे सस्पेंड करने का आदेश दिया। इसे कार्य के प्रति लापरवाही माना गया है। ट्रैफिक के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीआई राहुल राजपूत को निलंबित किया है। रविवार को उनकी ड्यूटी लगी थी, लेकिन वे गैरहाजिर रहे। राहुल राजपूत पहले द्वारकापुरी टीआई रह चुके हैं। वहां से उन्हें लाइन अटैच किया गया था। लंबे समय तक लाइन में रहने के बाद उन्हें दोबारा ट्रैफिक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन्हें बापट चौराहे पर विशेष इंतजाम के तहत ड्यूटी के निर्देश थे, लेकिन वे गैरहाजिर रहे। इस पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने उन्हें सस्पेंड करने के आदेश दिए। डीसीपी ट्रैफिक



राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के चलते टीआई राहुल राजपूत को सस्पेंड किया गया। थाने के बाहर एक बाइक सवार से मारपीट कर लूट की घटना में इन्हें द्वारकापुरी थाने से भी लाइन अटैच किया जा चुका था।

**ट्रैफिक विभाग की शिकायत** - पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को शहर के पूर्वी ट्रैफिक इलाके में भ्रष्टाचार और स्टाफ प्रताड़ना को लेकर एक गुप्त शिकायत मिलने की जानकारी सामने आई है। इस शिकायत में एक ट्रैफिक टीआई, एक एसआई और एक एचसीएम पर कई आरोप लगे हैं। ड्यूटी लगाने और हटाने के नाम पर स्टाफ से अवैध वसूली की जाने का जिक्र किया गया है। ऑनलाइन पेमेंट लेने के भी आरोप हैं, जिसके स्क्रीनशॉट शिकायत के साथ दर्ज किए गए। बताया गया कि पुलिस कमिश्नर ने मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा अरबिंदो अस्पताल क्षेत्र की पुलिस चौकी पर भी लेनदेन की शिकायत पुलिस के अधिकारियों तक पहुंची थी। इसके बाद चौकी हटवा दी गई और पुलिसकर्मियों को सड़क पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

### अधिकारियों का मूल्यांकन

सीपी संतोष सिंह ने एसीपी और थाना प्रभारियों के लिए रेटिंग सिस्टम लागू किया, जिसके तहत बेहतर कार्रवाई पर हर माह ग्रेड दिया जाता है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी सूची में खजराना एसीपी कुंदन मंडलोई को पहला स्थान, विजय नगर को दूसरा और गांधी नगर को तीसरा स्थान मिला। पिछले माह पहले स्थान पर रही रूबिना मिजवानी इस बार सीधे नौवें स्थान पर पहुंच गईं। वहीं, जोन-4 के सराफा को सबसे अंतिम स्थान मिला। थाना प्रभारियों की रेटिंग में भी इसी जोन के पंढरीनाथ थाने को सबसे आखिरी स्थान मिला है।

## मोबाइल लुटेरे बदमाशों को पकड़ा

**इंदौर।** जूनी इंदौर क्षेत्र में बीती रात पुलिस और राहगीरों की मुस्तैदी से दो शातिर लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। अग्रसेन चौराहा स्थित एसीपी ऑफिस के समीप कोचिंग से लौट रहे एक छात्र का मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाशों को पीछा कर पकड़ लिया गया। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है। फरियादी कुशल श्रीवास्तव मूल निवासी रायबरेली, यूपी है वह वर्तमान में बिचौली मर्दाना क्षेत्र में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, कल रात करीब 11 बजे कोचिंग के बाद मोबाइल पर मैच की कमेंट्री सुनते हुए जा रहे थे। इसी दौरान एक पान दुकान के पास पैदल आए बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपटा और पास ही खड़े अपने साथी के स्कूटर पर बैठकर नौलखा की ओर भागने लगा।छात्र के शोर मचाने पर वहां तैनात पुलिसकर्मियों, राहगीरों और उनके साथी अरमान मलिक ने तत्काल पीछा शुरू किया। घेराबंदी कर दोनों बदमाशों, युवराज परिहार बागली, निवासी देवास और आयुष ठाकुर निवासी आष्टा हाल मुकाम भंवरकुआ को धरदबोचा गया। आरोपियों के पास से लूटा गया फोन बरामद कर लिया गया है और उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

## आपदा पूर्व तैयारी में इंदौर अग्रणी 250 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया

### हीट स्ट्रोक से बचाव के उपायों पर भी प्रशिक्षण दिया गया

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ के सभागार में 'भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम' के अंतर्गत एक दिवसीय अवेयरनेस एंड केपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनजागरूकता, जनसहभागिता एवं प्रशासनिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। यह कार्यक्रम कलेक्टर के दिशा निर्देश के अनुसार आयोजित किया गया। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों एवं संस्थानों से आए 250 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा संवादात्मक सत्रों के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्लाटून कमांडर अश्विन चौधरी, सुमित खरे एवं दीपेश पाटीदार द्वारा रेल दुर्घटना, सर्पदंश, भूकंप, अग्निकांड तथा हाल ही में इंदौर में घटित ईवी



घटनाओं से संबंधित सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया, जिससे उनकी व्यावहारिक समझ को सुदृढ़ किया गया। यह आयोजन केवल शैक्षणिक गतिविधि तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकारों से जुड़ा एक व्यापक जनअभियान सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक कमांडेंट सुमंत जैन के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी चरणजीत सिंह हुड्डा (डिप्टी कलेक्टर) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रशासनिक विश्वसनीयता प्रदान की।

## बेंगलुरु भेजा किराने का सामान, रास्ते से गायब, केस दर्ज कराया

### माल नहीं पहुंचने की पुष्टि, इसके बाद थाने में शिकायत

**इंदौर।** ट्रांसपोर्ट से भेजे गए माल के गबन का मामला सामने आया। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पालदा से बेंगलुरु भेजा गया सामान तय समय पर नहीं पहुंचा। ड्राइवर पहले बहाने बनाता रहा, फिर मोबाइल बंद कर गायब हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक आगरा निवासी यतिन गंभीर ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पालदा स्थित वैदांत ऑर्गेनिक्स से 19 मार्च 2026 को ट्रक में माल लोड कर बेंगलुरु भेजा गया। यह माल बिग बास्केट (पपार्स ट्रेडिंग कंपनी) को 22 मार्च तक पहुंचना तय था। ट्रक चालक देवेंद्र कुमार अहिरवार (निवासी अशोकनगर) ने तय समय पर डिलीवरी नहीं की। पूछने पर उसने एक दिन की देरी बताते हुए रास्ते में होने की बात कही, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। जब लगातार संपर्क नहीं हो सका तो मैनेजर दीपक ने बेंगलुरु की कंपनी और एजेंट से बात की। वहां माल नहीं पहुंचने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भंवरकुआं थाने में शिकायत की गई। पुलिस बोली, जल्द पकड़ेंगे आरोपी पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ गबन का केस दर्ज कर लिया है।

# एमडी ड्रग्स के साथ 3 गिरफ्तार एक लाख की एमडी, कार जब्त

### कार की पिछली सीट के पास 10 ग्राम ड्रग्स बरामद हुई

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार में एमडी ड्रग्स लेकर जा रहे थे, जिसे उन्होंने पिछली सीट के पास छिपा रखा था। दो मोबाइल फोन भी जब्त किए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, शहर में ड्रग्स के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस टीम बीती रात इलाके में गश्त और रूटीन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध कार नजर आई, जिसे रोककर पूछताछ की गई। कार में सवार तीनों युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और अलग-अलग बातें करने लगे। शक होने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की और कार की तलाशी ली।

**सीट में छिपाई थी ड्रग्स-** तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट के पास 10 ग्राम ड्रग्स बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।



### 5 लाख का माल बरामद

पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 1 लाख रुपए कीमत की ड्रग्स और 4 लाख रुपए कीमत की कार जब्त की है। कुल जब्ती करीब 5 लाख रुपए की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक सप्लाई की जानी थी। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में ड्रग्स सप्लाई के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

आरोपियों ने अपने नाम अनीश पठान (निवासी चंदन नगर), जुबेर खान (निवासी चंद्रभागा) और रेहान मंसूरी (निवासी धार रोड) बताए हैं।

## कार से शराब तस्करी, एक धराया, पुलिस ने अवैध देसी शराब पकड़ी

### इस अवैध कारोबार के पीछे कोई बड़े नेटवर्क की आशंका

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का परिवहन कर रहे एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में देसी शराब और बियर बरामद की गई है, जिसे वह खपाने की फिराक में था। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार और शराब को जब्त कर लिया है। एसीपी पराग सैनी ने बताया कि लसूड़िया पुलिस को सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति अपनी कार में अवैध शराब भरकर किसी को सप्लाई देने के लिए कैलोद हाला क्षेत्र की ओर निकला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल एक विशेष टीम गठित कर कैलोद हाला की ओर रवाना की। मौके पर पहुँचते ही पुलिस को मिली सूचना, हुलिए और नंबर की कार दिखाई दी, जिसे घेराबंदी कर रोक लिया गया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो गाड़ी के अंदर शराब का जखीरा देखकर टीम भी हैरान रह गई। कार के अंदर से 8 पेटी सफेद देशी शराब के बॉक्स, 3 पेटी बियर केन के बॉक्स समेत कुल 108 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जब चालक से शराब के परिवहन से संबंधित लाइसेंस या परमिट माँगा गया, तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम शुभम पिता मेहरबान सिंह चौधरी, निवासी खाकरोड, सांवेर होना बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। लसूड़िया पुलिस अब आरोपी शुभम से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह शराब कहाँ से लाया था और इंदौर में किसे सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस को आशंका है कि इस अवैध कारोबार के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। आरोपी के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और अन्य संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक डॉ मनीष मेहता द्वारा उमा प्रिंटर्स, प्लॉट नबर 91, अपोजिट ओल्ड पोस्ट ऑफिस, जिंसी, जहांगीराबाद भोपाल से मुद्रित एवं 188, तिरुमाला ग्रीन्स, फर्स्ट रोड, तिरुपति पैलेस, निपानिया, इंदौर 452010 से प्रकाशित
प्रधान संपादक डॉ मनीष मेहता, स्थानीय संपादक देवेंद्र साहू, फोन 9926390900, 6268099707, E-mail: journalistdesk@gmail.com, पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)